हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार
# मेट्रो सिटी
नागपुर, गुरुवार, 5 दिसंबर 2024

## शपथ ग्रहण समारोह का नागपुर में लाइव प्रसारण

**नागपुर।** महाराष्ट्र के नए सीएम देवेंद्र फडणवीस आज शाम 5:30 बजे मुंबई के आजाद मैदान में मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे. यह ऐतिहासिक अवसर नागपुर वासियों के लिए गर्व का क्षण होगा. इस विशेष मौके पर नागपुर के नागरिकों को इस कार्यक्रम का हिस्सा बनाने के लिए खासदार सांस्कृतिक महोत्सव समिति द्वारा शपथ ग्रहण समारोह का लाइव प्रसारण किया जाएगा. इस आयोजन के तहत ईश्वर देशमुख शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय के मैदान, क्रीड़ा चौक, हनुमान नगर, नागपुर में बड़े स्क्रीन की व्यवस्था की गई है. लाइव प्रसारण दोपहर 4:30 बजे से शुरू होगा. खासदार सांस्कृतिक महोत्सव के अध्यक्ष प्रो.अनिल सोले, सचिव जयप्रकाश गुप्ता, कोषाध्यक्ष प्रो राजेश बागड़ी और अन्य कार्यकारिणी सदस्यों ने नागपुर वासियों से इस ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बनने और आनंदोत्सव में भाग लेने की अपील की है.

# छात्रा से बीच सड़क पर मारपीट

### > नशे की हालत में छात्रा सहित पांच लोगों पर किया था हमला
### > डीसीपी की फटकार के बाद पुलिस ने तीन युवकों को पकड़ा

**नागपुर।**

सीताबर्डी पुलिस थाना अंतर्गत अंबाझरी मार्ग पर नशे में धुत युवकों द्वारा आतंक मचा कर दोपहिया सवार छात्रा और उसके मित्र सहित सड़क से गुजर रहे लोगों पर हमला किये जाने का मामला सामने आया है. हालांकि बीच सड़क में गुंडागर्दी की शिकायत करने के बावजूद सीताबर्डी पुलिस ने गंभीर कार्रवाई करने की बजाय एनसी मामला दर्ज कर इस मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया.

जिसके बाद पीड़िता ने डीसीपी राहुल मदने से जब शिकायत की तब जा कर पुलिस हरकत में आई और तीनों युवकों को हिरासत में लिया, जिसमें एक नाबालिक भी शामिल है. पकड़े गए युवकों में लक्ष्य देवेंद्र चंदेल (18) आकाश नगर, हुडकेश्वर निवासी और शाश्वत उदय देर्भे (18) वैष्णो माता नगर निवासी का समावेश है. इस मामले ने छात्राओं की सुरक्षा



को लेकर सवाल खड़े कर दिये हैं.

यह घटना 1 दिसंबर की रात करीब सवा 11 बजे के दौरान अंबाझरी के व्यस्त मार्ग पर हुई. पीड़ित छात्रा 23 वर्ष की है और एनजीओ चलाती है. घटना की रात वह कुत्तों को खाना खिलाकर अपने सहयोगी के साथ मोपेड गाड़ी से जा रही थी. अमृत भवन के पास चार से पास युवक खड़े थे. तभी उन्होंने सड़क से गुजर रहे दुपहिया सवार तीन युवकों को रोका और उनकी मोपेड गाड़ी को सड़क पर गिराकर पिटाई करने लगे.

बीच सड़क पर मोपेड गाड़ी पड़ी होने के कारण पीड़ित छात्रा अपने सहयोगी के साथ वहां से जब गुजरने लगी तो उसने अपनी गाड़ी धीमी कर दी. इसी बीच पिट रहे युवक जान बचाकर भागने लगे. तभी हमलावरों की टोली ने छात्रा और उसके साथी को पकड़ लिया और दुपहिया से खींचकर उनकी भी लात-घुसों से पिटाई करने लगे. अचानक हुए हमले के बाद छात्रा घबरा गई और मदद के लिए चीखने चिल्लाने लगी. जिसे देखकर हमलावर युवक और भी उग्र हो गए और गालियां देते हुए छात्रा और उसके साथी की पिटाई करने लगे. इस घटना के बाद सड़क से गुजर रहे वाहन चालक भी ठहर गए जिसे देखकर हमलावर कार (क्र. एमएच 49 / सीडी 8377 ) में सवार होकर वहां से फरार हो गए.

हालांकि इस घटना का छात्रा ने वीडियो बना लिया था. जिसके बाद उसने तुरंत सीताबर्डी पुलिस थाने में आकर इसकी शिकायत दर्ज करवाई. शिकायत करने के 2 दिन बाद भी जब कोई भी कार्यवाही नहीं हुई तब छात्रा ने थक हार कर डीसीपी राहुल मदने को मामले की जानकारी दी.

### डीसीपी मदने ने तुरंत लिया एक्शन

मामला संदिग्ध होने के चलते डीसीपी मदने ने सीताबर्डी पुलिस को तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए. इसके बाद पुलिस ने तीन युवकों को ढूंढ कर हिरासत में लिया.बीच सड़क पर हुई इस घटना के बाद छात्राओं की सुरक्षा को लेकर भी सवाल खड़े हो गए हैं. बाद में पुलिस ने प्रतिबंधक कार्रवाई कर हिरासत में लिए तीनों युवकों को छोड़ दिया.

## सेंधमारी में लिप्त चोर लगा पुलिस के हाथ

**नागपुर।**

क्राइम ब्रांच यूनिट 5 की टीम ने पेट्रोलिंग के दौरान एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है. पकड़ा गया आरोपी पंकज बंडूजी सतरामवार (24) गली नंबर 1, ईंटा भट्टी चौक यशोदरा नगर निवासी बताया जा रहा है. हिंगनघाट में हुई एक चोरी के मामले में पुलिस उसकी तलाश कर रही थी

जानकारी के अनुसार क्राइम ब्रांच यूनिट 5 की टीम अपराधियों की शोध मुहिम के लिए यशोधरा नगर पुलिस थाने के विनोबा भावे नगर में गस्त कर रही थी। इस दौरान उन्हें पंकज संदिग्ध रूप में जाते हुए उन्हें दिखाई दिया था. उसे पकड़कर जब पूछताछ की गई तो उसने हिंगनघाट के संत ज्ञानेश्वर वार्ड में सुरेश श्रीरामजी धोंगरे नामक व्यक्ति के घर में अपने साथी के साथ मिलकर चोरी करने की कबूली थी. चोरी के माल को आरोपियो ने एक सर्राफा व्यापारी को बेच दिया था. पुलिस ने आरोपी निशान देही पर 35000 रूपयों के सोने के आभूषण भी बरामद किए हैं. उसे आगे की कार्रवाई के लिए हिंगनघाट पुलिस के हवाले किया गया है.



### बंद घर से उड़ाया 1.90 लाख का माल

इमामवाड़ा पुलिस थाने के ऊंटखाना दहीपुरा परिसर स्थित एक बंद घर में सेंध मारी कर चोरों ने 1,90,000 रूपयों की माल पर हाथ साफ किया. फरियादी सिद्धार्थ शंकर डोंगरे (67) दहीपुरा, ऊंटखाना में परिवार सहित रहते हैं. 27 नवंबर की दोपहर करीब 12 बजे सिद्धार्थ अपने घर को ताला लगा कर परिवार सहित रायपुर अपने बेटे से मिलने गए हुए थे. इसी दौरान चोरों ने उनके घर के मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर अलमारी से एक आईफोन, हीरे जड़ित पेंडल, लैपटॉप सहित 190 000 के माल को चुरा लिया. 3 दिसंबर को जब सिद्धार्थ परिवार सहित घर वापस आए तब उन्हें घर में चोरी होने के बात का पता चला और इसकी शिकायत पुलिस की.

## जुआ खेलते 10 जुआरी गिरफ्तार

**नागपुर।**



पांचपावली पुलिस ने गोपनीय जानकारी के आधार पर बालाभाऊपेठ स्थित एक मंदिर के कंपाउंड वॉल में शुरू जुआ अड्डे का पर्दाफाश करते हुए 10 जुआरियों को गिरफ्तार किया है.

जानकारी के अनुसार मंगलवार रात करीब 8:30 के दौरान गस्त कर रही पुलिस की टीम को जानकारी मिली कि बालाभाऊपेठ, गणेशवाडी मैदान के पास स्थित दुर्गा मंदिर के कंपाउंड बॉल में सार्वजनिक जगह पर बैठकर कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं.

इसी सूचना पर पुलिस ने छापा मार करवाई कर 10 लोगों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया. पकड़े गए आरोपियों में अमोल ज्ञानेश्वर

शंभरकर (35) गजानन नगर, हुडकेश्वर, सिद्धार्थ नरेश शेन्डे (35) अमोल नरेश शेंडे (32) दोनों बालाभाऊपेठ, आकाश सुखदेव तलेवाले (34) बिनाकी मंगलवारी, विनोद मतगंजन शाहू (38) लाभ लक्ष्मी नगर, कलमना, अरुण विठोबा सहारे (55) गणेशवाडी, पांचपावली, सुभाष शेषराव ठाकरे (35) संताजी मठ के पास निवासी, सुनील शामराव ठाकरे (48) गणेशवाडी, गोपाल लालजी प्रजापति 53) गणेशवाड़ी,बालाभाऊपेठ और गोविंदा गोदरूजी सहारे (44) गणेशवाडी बालाभाऊपेठ निवासी का समावेश है.

इस कार्रवाई के दौरान 6040 रूपये की नगदी भी पुलिस ने बरामद की है. आरोपियों के खिलाफ महाराष्ट्र जुआ अधिनियम के तहत आरोपियों के खिलाफ पांचपावली में थाने में मामला दर्ज किया गया है.

## फडणवीस सीएम बनने पर कार्यकर्ताओं में उत्साह





**नागपुर।**

देवेंद्र फडणवीस के गट नेता घोषित होते हो भाजपा महानगर के पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उल्हास का वातावरण बन गया. शहर अध्यक्ष जितेंद्र उर्फ बंटी कुकड़े के नेतृत्व विभागीय कार्यालय धंतोली में जल्लोष मनाया. इस अवसर पर ढोल नगाड़ों के साथ मिठाइयां बांटकर एक दूसरे का मुंह मीठा कराया.

"महाराष्ट्र का नेता कैसा हो देवेंद्र फडणवीस जैसा हो' और देवेंद्रजी तुम आगे बढ़े हम तुम्हारे साथ है' के नारे से संपूर्ण परिसर गूंज गया. सभी पदाधिकारी एक दूसरे को देवाभाऊ गट नेता से मुख्यमंत्री पद पर फिर से ग्रहण करने की बढ़ायी दे रहे थे. इस अवसर पर प्रदेश के उपाध्यक्ष संजय भेंड़े, विदर्भ के संगठन मंत्री डॉ.उपेंद्र कोठेकर, महानगर के संगठन मंत्री विष्णु चांगदे, महामंत्री अश्विनी जिचकार, युवा मोर्चा के अध्यक्ष बादल राऊत, महिला मोर्चे की अध्यक्ष प्रगति पाटिल, प्रदेश प्रवक्ता चंदन गोस्वामी के अलावा सैकड़ों महिला-पुरुष, युवाओं ने स्वयंफर्ता से जल्लोष मनाया.

## जाली दस्तावेज पर जमीन पर कब्जा करने का प्रयास

**नागपुर।**

बेलतरोडी पुलिस थाना अंतर्गत एक धोखाधड़ी का मामला सामने आया है, जिसमें आरोपियों ने जाली दस्तावेजों के आधार पर जमीन पर कब्जा करने का प्रयास किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह घटना मौजा बेलतरोडी के खसरा नंबर 140/01 की है, जो 3.44 हेक्टेयर क्षेत्र में फैली हुई है. इस जमीन का मालिकाना हक फरियादी प्रशांत कोठीराम डाहके (43), निवासी फ्लैट नंबर एच/404, संचयनी प्रेस्टीज कॉम्प्लेक्स, स्वावलंबी नगर, प्रताप नगर के दादा सुखदेव डहाके के नाम पर था.

फरियादी के मुताबिक आरोपी हरिदास बलिराम गायकवाड (67), विजय पुरुषोत्तम घोड़के (40), चंद्रमनी नगर, अजनी और रितेश श्रीराम घोड़ेस्वार, न्यू कैलाश नगर ने मिलकर एक साजिश रची. आरोपियों ने अंजनाबाई गायकवाड के साथ मिलकर जाली दस्तावेजों की मदद से जमीन पर अपना हक साबित करने का प्रयास किया. इसके बाद आरोपियों ने फरियादी और उनके अन्य वारिसदारों से धोखाधड़ी करते हुए जमीन पर कब्जा करने की कोशिश की.

इस मामले की शिकायत जब प्रशांत डाहके ने पुलिस से की, तो तुरंत ही पुलिस ने कार्रवाई करते हुए धोखाधड़ी की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है जिसमें आगे की जांच जारी है.

## 40 सीटों पर लड़ेगी एनसीपी

### > नागपुर मनपा चुनाव के लेकर अजित पवार गुट ने शुरू की तैयारी

**नागपुर।**

विधानसभा चुनाव में एकतरफा जीत के बाद से महायुति में शामिल घटक दलों में भारी उत्साह है। अब सभी आगामी मनपा चुनाव की तैयारी में जुट गए हैं. इधर, अजित पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने नागपुर की 151 में से 40 सीटों पर चुनाव लड़ने का निर्णय लिया है. शहर अध्यक्ष व प्रदेश प्रवक्ता प्रशांत पवार ने प्रेस परिषद में यह जानकारी दी.

एनसीपी के नागपुर शहर अध्यक्ष प्रशांत पवार ने कहा कि विधानसभा चुनाव में राज्य की जनता ने महायुति को बड़ी जीत दी है. लाडली बहनों के लाडले अजित दादा की पार्टी एनसीपी को 41 सीटों पर जीत मिली है. अजित दादा रिकॉर्ड छठवीं बार राज्य के उपमुख्यमंत्री बनने वाले हैं जिसके चलते पार्टी कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है.

प्रशांत पवार ने कहा कि आगामी 2 महीनों में स्थानीय स्वराज संस्थाओं के चुनाव होने वाले हैं. नागपुर महानगर पालिका चुनाव में हमारी पार्टी 40 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेगी। इस संदर्भ में कार्यकारिणी की बैठक में प्रस्ताव पारित किया गया है.

एनसीपी प्रवक्ता प्रशांत पवार ने कहा कि एनसीपी ने बीते 2 वर्ष में शहर के विविध भागों की जनता की समस्याओं के



निराकरण के लिए अनेक आंदोलन किए। रोड, गटर लाइन, पीने के पानी की समस्याओं को हल करने में सफलता मिली। जनसमस्या निवारण के लिए पार्टी हमेशा कार्य करती रही है। आने वाले चुनाव में जनता हमारे नगरसेवक चुनकर देगी तो आगे भी और कार्य कर दिखाएंगे।

उन्होंने कहा कि राज्य की तरह ही शहर में भी पार्टी बड़ी मजबूत है. लोकसभा चुनाव में केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी के प्रचार और विधानसभा चुनाव में महायुति के उम्मीदवारों के प्रचार में अजित पवार गुट ने पूरी ताकत झोंक दी थी. अब हमारा संकल्प मनपा में भी महायुति का मेयर बिठाने का है. एनसीपी भी पूरी ताकत व जोश के साथ मनपा चुनाव लड़ेगी. इच्छुक उम्मीदवार पिछले एक वर्ष से अपने प्रभाग में तैयारी में लगे हुए हैं.

## शादी समारोह से चोर ने उड़ाई 2 लाख से भरी बैग

**नागपुर।** नवीन कामठी पुलिस थाना क्षेत्र के द रॉयल लॉन में आयोजित एक शादी समारोह में अज्ञात चोर ने 2 लाख की नगदी से भरी बैग चुरा ली. यह घटना 2 दिसंबर की दोपहर करीब 3 बजे घटी. प्राप्त जानकारी के अनुसार, फरियादी मीना राजकुमार कुहीकर (55) अपनी बेटी के विवाह समारोह में शामिल हो रही थीं. विवाह स्थल पर मीना कुहीकर ने अपनी बैग में 2 लाख की नगदी रखी थी और उसे डेकोरेशन के बॉक्स में रख दिया था. इस दौरान मीना अपने परिवार के साथ स्टेज पर फोटो खींचने में व्यस्त हो गईं. मौका पाकर अज्ञात चोर ने नजर चुराकर बैग और उसमें रखी नगदी को उड़ा लिया. बाद में बैग के गायब होने का पता चलने पर मीना ने इसकी शिकायत नवीन कामठी पुलिस थाने में दर्ज कराई. पुलिस अब मामले की जांच कर रही है और लॉन में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है, ताकि चोर का पता लगाकर उसे जल्द गिरफ्तार किया जा सके.

## बच्चों की सुरक्षा से खिलवाड़

### > बिना फिटनेस के चल रही 400 से ज्यादा बसें

**नागपुर।**

नागपुर शहर में 400 से ज्यादा स्कूल बसें और वैन बिना वैध फिटनेस प्रमाणपत्र के चल रही हैं, जो बच्चों की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बन सकती हैं। इस मामले को लेकर क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) के आंकड़े और अधिकारियों की रिपोर्ट चिंता का कारण बन गई है.

शहर के आरटीओ और डिप्टी आरटीओ के आंकड़ों के अनुसार, शहर में कुल 2,206 स्कूल वाहन पंजीकृत हैं. इनमें से करीब 400 वाहन (143 बसें और 53 वैन) बिना फिटनेस प्रमाणपत्र के चल रहे हैं। यह आंकड़े 31 अक्टूबर, 2024 तक के हैं. बिना फिटनेस प्रमाणपत्र के चलने वाले वाहनों में बृेक, स्टीयरिंग और अन्य महत्वपूर्ण सुरक्षा घटक सही नहीं हो सकते हैं, जिससे दुर्घटना की संभावना बढ़ जाती है.

स्कूल बसों और वैन के लिए



फिटनेस प्रमाणपत्र बेहद महत्वपूर्ण हैं क्योंकि ये वाहनों की यांत्रिक स्थिति और सुरक्षा मानकों को सुनिश्चित करते हैं.यह प्रमाणपत्र यह सुनिश्चित करता है कि वाहन सड़क पर सुरक्षित रूप से चल सकता है और उसमें कोई बड़ी तकनीकी समस्या नहीं है.यदि किसी वाहन का फिटनेस प्रमाणपत्र खत्म हो जाता है और वह वाहन सड़क पर चलता है, तो यह न केवल कानूनी उल्लंघन होता है, बल्कि बच्चों की सुरक्षा को भी खतरे में डालता है.

कई माता-पिता ने इस मुद्दे पर चिंता व्यक्त की है और अधिकारियों से इस मामले में सख्त कदम उठाने की अपील की है। उनका कहना है कि बच्चों की सुरक्षा सबसे पहले आनी चाहिए, और ऐसे वाहनों को तुरंत चलाने से रोका जाना चाहिए.

सूत्रों के अनुसार, परिवहन विभाग के अधिकारियों द्वारा इस मामले में ढिलाई बरती जा रही है और जांच में सुधार की आवश्यकता है. बस ऑपरेटरों द्वारा इस तरह के वाहन चलाने के बावजूद कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हो रही है. स्थानीय अधिकारी इस मामले को गंभीरता से ले रहे हैं, लेकिन यह देखा जाना बाकी है कि क्या वे इस पर जल्द कोई ठोस कदम उठाते हैं या यह मुद्दा यूं ही चलता रहेगा.

## नागपुर में भूकंप के झटके

**नागपुर।** बुधवार सुबह नागपुर में महसूस किए गए भूकंप के झटके वरंगल, तेलंगाना के पास आए 5.3 तीव्रता के भूकंप से जुड़े हो सकते हैं। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (एनसीएस) के अनुसार, यह भूकंप सुबह 6:57 बजे 85 किलोमीटर उत्तर-पूर्व वरंगल के पास आया. भूकंप का केंद्र 40 किलोमीटर की गहराई पर था. इस भूकंप को जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेजऔर यूरोपियन-मेडिटेरेनियन सिस्मोलॉजिकल सेंटर ने भी रिपोर्ट किया है, जिन्होंने इसे 5.0 तीव्रता का बताया. नागपुर के बेसा और मनीष नगर जैसे इलाकों में सुबह 7:29 बजे हल्के झटके महसूस किए गए. झटके हल्के होने के बावजूद नागरिक घरों से बाहर निकल आए। विशेषज्ञों का मानना है कि यह झटके वारंगल में आए भूकंप के कारण हो सकते हैं. अब तक नागपुर और वारंगल में किसी भी बड़े नुकसान या जान-माल की हानि की खबर नहीं है.

## नागपुर में नहीं होगी नायलॉन मांजा की बिक्री

### मनपा ने शिकायत के लिए जारी किया वाट्सएप नंबर

**नागपुर।**

शहर की बदहाल अवस्था को लेकर अलग-अलग जनहित याचिकाओं पर हाई कोर्ट द्वारा दिए गए आदेश के बाद महानगरपालिका हरकत में आई है. इसी बीच शहर के पतंगबाजों के बड़ा झटका लगा है. हाल ही में नायलॉन मांजा को लेकर महानगरपालिका और पुलिस विभाग द्वारा कार्रवाई को लेकर हाई कोर्ट को आश्वस्त किया गया. यही कारण है कि अब नायलॉन मांजा को लेकर मनपा ने सख्त रवैया अपनाया है. इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि नायलॉन मांजा पर अंकुश लगाने के लिए मनपा ने वाट्सएप नंबर जारी किया है.

कहीं भी नायलॉन मांजा की बिक्री, उपयोग या भंडारण पाए



जाने पर लोगों से वाट्सएप नंबर पर शिकायत करने की अपील की गई है. मनपा आयुक्त के निर्देशों के अनुसार अधिकारियों ने भी उचित दिशानिर्देश जारी किए हैं.

मनपा की ओर से जारी निर्देशों के अनुसार नायलॉन मांजा न केवल इंसान बल्कि जानवरों के लिए भी घातक है. इसके कारण हर समय कोई न कोई अप्रिय घटना उजागर होती है. विशेष रूप से प्रतिबंधित नायलॉन मांजा को लेकर इसके पूर्व भी सख्ती बरती गई थी किंतु वर्तमान में चल रही ऑनलाइन बिक्री के कारण इन प्रयासों में सेंध लग गई.

अब ऑनलाइन बिक्री पर भी नजर रखी जा रही है.ऐसे में नायलॉन मांजा की बिक्री करने वाले, उपयोगकर्ता और भंडारण करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी. सिटी को नायलॉन मांजा मुक्त रखने के लिए लोगों से भी सहयोग की अपील की गई है.

नायलॉन मांजा के उपयोग पर अंकुश लगाने के लिए किए जा रहे उपायों को लेकर हाई कोर्ट में रिपोर्ट प्रस्तुत की गई. यहां तक कि ऑनलाइन बिक्री का मसला उठने पर इस प्लेटफॉर्म्स को भी हाई कोर्ट की ओर से नोटिस जारी किया गया. हालांकि यह मसला अभी भी लंबित है किंतु कोर्ट के आदेश के अनुसार मनपा कार्रवाई में जुट गई है. मनपा ने वाट्सएप नंबर 8600004746 और फेसबुक और इंस्टाग्राम पर मनपा के आधिकारिक खाते @ngpnmc और ट्विटर पर @ngpnmc पर सूचित करने की अपील जनता से की.

**एनडीएस की शुरू हुई कार्रवाई**

हाई कोर्ट की नागपुर खंडपीठ में दायर जनहित याचिका और पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम के तहत महाराष्ट्र सरकार के पर्यावरण विभाग द्वारा सिंथेटिक/प्लास्टिक नायलॉन के उपयोग, बिक्री, हैंडलिंग और भंडारण पर प्राप्त आदेश के अनुसार मकर संक्रांति उत्सव के दौरान पतंग उड़ाने के लिए नायलॉन मांजा पर प्रतिबंध लगा दिया गया है.

## ओबीसी छात्राओं ने छात्रावास से मुंह मोड़ा

**नागपुर।** सरकार ने ओबीसी, वीजेएनटी और विशेष पिछड़ा वर्ग के छात्रों के लिए छात्रावास शुरू किए हैं. नागपुर संभाग के छह जिलों में लड़के और लड़कियों के लिए 600-600 ऐसे 1200 छात्रों वाले छात्रावास शुरू किए गए हैं. बहरहाल, रिक्त सीटों से यह स्पष्ट है कि पिछड़े वर्ग के छात्रों ने छात्रावास की ओर से मुंह मोड़ लिया है. नागपुर संभाग में छात्रावासों में 650 रिक्त जगह हैं, जिनमें लड़कों के लिए 310 और लड़कियों के लिए 340 सीटें हैं. सरकार द्वारा राज्य के अन्य पिछड़ा वर्ग, विमुक्त जाति, घुमंतू जनजाति तथा विशेष पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के लिए प्रत्येक जिला स्थान पर लड़के-लड़कियों के लिए 100-100 छात्र क्षमता के छात्रावास बनाए हैं. शहर के गणेश नगर में लड़कियों के लिए, आवश्यक सुविधाओं की कमी के कारण छात्रावास किराए पर लिया गया था और शैक्षणिक सत्र लगभग तीन महीने की देरी से शुरू हुआ था.

## सर्राफा व्यापारी के 3.14 लाख के आभूषण चोरी

**नागपुर।**

गणेशपेठ पुलिस थाने के मध्यवर्ती बस स्टैंड पर मंगलवार 3 दिसंबर को एक सर्राफा व्यापारी के साथ बड़ी चोरी की घटना हुई. बस में सवार होते समय एक अज्ञात चोर ने व्यापारी का बैग में रखे आभूषण और नगदी उड़ा ली. चोरी की गई सामग्री की कीमत करीब 3 लाख 14 हजार रुपए बताई जा रही है.

फरियादी आनंद राव मारोती टिबे (59), जो गोंदिया जिले के शिरेगाव बांध, सानडी, अर्जुनी मोरगांव निवासी हैं, इतवारी सर्राफा मार्केट में अपने काम के सिलसिले में आए थे. गोंदिया जाने के लिए वह गणेशपेठ स्थित मध्यवर्ती बस स्टैंड पर पहुंचे, जहां बस में चढ़ते समय उन्होंने सीट पकड़ने के लिए अपना बैग खिड़की से सीट पर फेंक दिया. भीड़-भाड़ का फायदा उठाकर अज्ञात चोर ने उनके बैग से चैन खोलकर सोने के आभूषण और 6000 रुपए की नगदी सहित कुल 3,14,000 रुपए मूल्य के गहनों पर हाथ साफ कर लिया. जब तक आनंद राव बस के अंदर पहुंचे, तब तक चोर भाग चुका था.

चोरी की जानकारी मिलने के बाद उन्होंने तुरंत गणेशपेठ पुलिस थाने में शिकायत दर्ज करवाई. पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से चोर का पता लगाने की कोशिश की जा रही है। पुलिस ने चोरी करने वाले अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है.

CMYK

# नागपुर के चाय वाले को सीएम शपथ ग्रहण समारोह का मिला आमंत्रण



**नागपुर.**

नागपुर शहर के डॉली चायवाले से लेकर रामजी-श्यामजी पोहे वाले तक चर्चा में बने रहे। दुनिया के बड़े रईसों में शुमार बिल गेट्स ने डॉली चाय वाले के साथ मुलाकात की, जिससे पूरे देश और विदेश में भी डॉली चायवाला चर्चा का विषय बना। हाल ही में विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रामजी-श्यामजी पोहे वाले की दुकान पर जाकर खुद पोहा बनाने का आनंद लिया। यह दोनों खबरें सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुई। अब राम नगर के चाय वाले गोपाल बावनकुले का नाम सुर्खियों में चल रहा है। 5 दिसंबर को मुंबई में मुख्यमंत्री का शपथ ग्रहण होने वाला है। इस शपथ ग्रहण समारोह का आमंत्रण चाय वाले गोपाल बावनकुले को भी मिला है।

शहर के रामनगर इलाके में गोपाल बावनकुले की चाय की दुकान है। वह फडणवीस के बहुत बड़े प्रशंसक हैं। उन्होंने चाय की दुकान पर देवेंद्र फडणवीस की फोटो भी लगा रखी है।

### दिखने लगे हैं पोस्टर

भले ही महायुति की ओर से मुख्यमंत्री का नाम घोषित नहीं किया हो, फिर भी नागपुर के लाडले देवेंद्र फडणवीस ही मुख्यमंत्री बनेंगे, यह लगभग तय है। नागपुर में पोस्टर दिखने लगे हैं। कोट लेकर दर्जी और उनके कई दोस्त मुंबई के लिए रवाना हो गए हैं। यह देखते हुए 5 दिसंबर को देवेंद्र फडणवीस ही मुख्यमंत्री शपथ लेंगे, ऐसा प्रतीत हो रहा है। इस शपथ समारोह के लिए फडणवीस ने कुछ लोगों को आमंत्रित किया है। इसमें नागपुर के चाय वाले गोपाल बावनकुले भी शामिल हैं।

देवाभाऊ को वह अपना 'दैवत' मानते है। गोपाल बावनकुले ने दावा किया है कि देव भाऊ ने उन्हें शपथ समारोह के लिए मुंबई आने का आमंत्रण दिया है.

# जनता और पुलिस के बीच जनसंवाद



**कोंढाली.**

पुलिस स्टेशन कोंढाली तथा पुलिस पाटिल शिव की पहल पर कोंढाली पुलिस स्टेशन के थानेदार राजकुमार त्रिपाठी द्वारा शीवा ग्राम पंचायत के समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों के साथ सार्वजनिक संवाद साधा, पहले उपस्थित जनता की समस्या जान ली. उपस्थित समस्याओं पर साधक बाधक चर्चा हुई. इस के पश्चात कोंढाली के थानेदार राजकुमार त्रिपाठी द्वारा उपस्थितों को भा.न्या. स. नये कानून की जानकारी देकर मार्गदर्शन किया। इस जनसंवाद के माध्यम से उपस्थित मुद्दों में माननीय न्यायालय के आदेशानुसार डीजे पर पाबंदी है, उसका उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई, धार्मिक एवं सार्वजनिक कार्यक्रम आयोजित करने के लिए पुलिस की अनुमति आवश्यक है सरकारी भवनों की क्षति होने पर कानूनी कार्रवाई अगर किसी मकान कोई मकान मालिक अपने घर पर किराएदार रखते हैं तो किरायेदार को रखने के पहले उसका पुलिस द्वारा स्थापित किया गया है नहीं,और पूरी जानकारी के साथ ही किरायादार रखें गाँव की कंपनियों के कामगार तथा दुपहिया वाहन चालक तथा साथ में बैठे सहयोगी हेलमेट पहनकर ही सफर करें. अपने अपने गांव में अवैध धंधों, जुआ, शराब आदि के बारे में पुलिस प्रशासन को जानकारी देकर प्रशासन को सहयोग की मांग की. पुलीस पाटेल सहित प्रत्येक व्यक्ति यह गांव/ देश का शिपाई है। बैठक में बिट अमलदार सुनील ठोंबरे, पूर्व सरपंच रेखा गावंडे, पुलिस पाटिल शिवा सुनयना वाठ, ग्राम, पंचायत सदस्य सुनील तराल, पल्लवी कोहले पुलिस पाटिल सावंगा, अतुल कालबांडे, तथा इस क्षेत्र के पुलिस पाटिल देवली (कालबंदे) और गीदमगढ़, गोठानगांव, आडेगांव, वंडली के पुलिस पाटावर तथा ग्राम के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे.



# किसानों को नि:शुल्क वितरित किए कृषि छिड़काव यंत्र

**कामठी.**

महाराष्ट्र शासन के कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग के तहत कामठी तालुका कृषि विभाग द्वारा किसानों को उन्नत तकनीक के फवारणी यंत्र नि:शुल्क प्रदान किए गए है. महाराष्ट्र राज्य सरकार द्वारा किसानो के लिए फवारणी यंत्र योजना की शुरुवात की गयी है, इस योजना के तहत राज्य के लाभार्थी किसानो को राज्य सरकार द्वारा मुफ्त में फवारणी यंत्र अनुदान स्वरूप लाभ दिया जा रहा है.

इस मौके पर कृषि अधिकारी प्रणीत गंगावणे, विजय नंदनवर, इंद्रपाल बागड़े, विजय कुमार जोशी सहित पूर्व सरपंच बंडू कापसे, पीयूष ठाकरे, अंकुश राजुरकर आदि किसान बंधु मौजूद रहे.

# रणाला में सरपंच साबरे ने बच्चों को खिलाई कृमिनाशक गोली

## > स्वास्थ्य के लिए मनाया राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस

**कामठी.**

राज्य सरकार की गाइडलाइन के अनुसार रणाला ग्राम पंचायत क्षेत्र में बुधवार 4 दिसंबर को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया गया और इस दिन स्कूल और आंगनबाड़ियों में 1 से 19 वर्ष तक के बालक-बालिकाओं को सरपंच पंकज विमल नागोराव साबरे की अगुआई में कृमिनाशक गोलियां खिलाई गई. साथ ही जो लड़के-लड़कियां 4 दिसंबर को गोली नहीं खा सके उन्हें 10 दिसंबर तक मॉप अप राउंड के माध्यम से कृमि नाशक गोली दी जाएगी.



सरपंच पंकज साबरे ने बताया कि बच्चों और किशोरों में कृमि मुक्ति से निपटने के लिए फरवरी 2015 में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस (एनडीडी) कार्यक्रम शुरू किया गया था. उन्होंने बताया कि 1 से 19 वर्ष की आयु के बच्चों में आंतों के कृमि मुक्ति स्वच्छता की कमी के कारण मिट्टी से फैलने वाले कृमियों के कारण होती है. कृमि संक्रमण एनीमिया और कुपोषण का कारण है जो बच्चों के शारीरिक और बौद्धिक विकास को रोकता है. इसके लिए राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर 1 से 19 वर्ष तक के सभी लड़के-लड़कियों को उनके स्वास्थ्य की रक्षा, बेहतर पोषण स्तर, शिक्षा और गुणवत्ता बढ़ाने के उद्देश्य से स्कूल और आंगनवाड़ी केंद्र स्तर पर कृमिनाशक गोलियां दी जाती हैं.

सरपंच पंकज साबरे ने यह भी बताया कि कृमि का संक्रमण को रोकने के लिए, कृमिनाशक गोली लेने के अलावा, हाथ धोना, शौचालय का उपयोग करना, सब्जियां और फल धोकर खाना, नियमित रूप से नाखून काटना और साफ करना, बाहर जाते समय जूते या जूते का उपयोग करना और आसपास के क्षेत्र को साफ रखना आवश्यक है. यह अभियान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के माध्यम से चलाया जाता है. इस गोली को लेने से कोई साइड इफेक्ट नहीं होता है। हालाँकि, यदि बच्चे के शरीर में कीड़े हैं, तो मामूली पेट दर्द, जलन या दुर्लभ मामलों में, बच्चों में उल्टी हो सकती है. चूंकि ये दुष्प्रभाव मामूली प्रकृति के हैं, इसलिए माता-पिता को घबराना नहीं चाहिए, यह गोली लाभार्थियों के हाथों में देने के बजाय सीधे लाभार्थी के सामने खिलानी चाहिए. 1 वर्ष से कम उम्र के लाभार्थी को यह गोली नहीं दी जाती है. 1 से 2 वर्ष के बच्चों को आधी गोली, 2 से 3 वर्ष के बच्चों को 400 ग्राम पूरी गोली पानी में घोलकर देनी चाहिए. 19 साल की उम्र तक के लोगों को पूरी गोली चबानी चाहिए. गोली लेने के बाद साफ पानी पीना और कम से कम 2 घंटे स्कूल या आंगनबाड़ी में रुकना जरूरी है. उपरोक्त अभियान में ग्राम पंचायत सदस्य मयूर गणेर, आंगनबाड़ी सेविका अनु नवले, कल्पना भोयर, लीना वंजारी, मून सर, आशा वर्कर ठाकरे मैडम, कोसुळकर मैडम, कल्पना धांडे, बडगे मैडम, मयुरी कांबळी सहित अन्य मदतनिसों ने सहकार्य किए.

# फडणवीस के नेतृत्व में महाराष्ट्र भारत में नंबर एक होगा: कुंभारे



**कामठी.**

महाराष्ट्र विधान मंडल में देवेंद्र फडणवीस को महायुति विधायक दल का नेता बनाया गया और अब वह मुख्यमंत्री के रूप में महाराष्ट्र का नेतृत्व करेंगे. उक्त वक्तव्य अभिनंदन व्यक्त करते हुए पूर्व राज्यमंत्री व ड्रैगन पैलेस टेंपल प्रमुख एड. सुलेखा कुंभारे का मानना है कि देवेन्द्र फडणवीस निश्चित रूप से महाराष्ट्र को प्रगति के पथ पर ले जाएंगे और भारत में नंबर 1 राज्य के रूप में पहचान दिलाएंगे.

एड. सुलेखा कुंभारे ने व्यक्त किये की देवेंद्र फडणवीस मुख्यमंत्री रहते हुए दीक्षा भूमि, ड्रैगन पैलेस, चैत्य भूमि, लंडन में डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर निवास स्थान, जापान स्थित कोयासन यूनिवर्सिटी में डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की मूर्ति स्थापित करना जैसे आंबेडकरी आंदोलन द्वारा अपेक्षित कई परियोजनाओं को पूरा किया है. भविष्य में मुख्यमंत्री रहते हुए देवेंद्र फडणवीस से अपेक्षा है कि दलित, पिडीत, आदिवासी, महिला, युवक, किसानों व सभी सामाजिक व आर्थिक प्रगति को बढ़ावा देने का प्रयास करेंगे. ऐसी भावना एड. सुलेखा कुंभारे ने व्यक्त किए.



# विकलांग दिवस पर धर्मदास भिवगड़े स्मृति में दिव्यांगजनों को साइकिल वितरित

**कन्हान.**

दिव्यांग (अपंग) संगटना कन्हान द्वारा दिव्यांग सदस्यता पंजीयन, निरीक्षण एवं शासकीय योजना की जानकारी एवं दिशा-निर्देश एवं दिव्यांगों का सम्मान समारोह आयोजित कर धर्मदास भिवगड़े की स्मृति में दिव्यांगों को साइकिल एवं छड़ी वितरित कर विश्व दिव्यांग दिवस भव्य रूप से मनाया गया.

मंगलवार को सुबह में डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर चौक पर दिव्यांग (अपंग) संगठना कन्हान के अध्यक्ष अश्विन भिवगड़े ने विश्व विकलांग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया. कार्यक्रम का उद्घाटन कन्हान थाने के पुलिस निरीक्षक राजेंद्र पाटिल ने डॉ. बाबासाहब आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर इसकी शुरुआत की. इस अवसर पर बसपा नेता चन्द्रशेखर भीमटे, नगराध्यक्ष करुणा आष्टणकर, वैद्यकीय प्रभारी हंसराज ढोके, नगर परिषद गटनेता नगरसेवक मनीष भिवगड़े, सामाजिक कार्यकर्ता रिंकेश चौरे, पूर्व पार्षद अजय लौंढे आदि कार्यकर्ता मुख्य रूप से उपस्थित थे.

इस अवसर पर दिव्यांग सदस्यता का पंजीयन, निरीक्षण एवं सरकारी योजना की जानकारी एवं दिशा-निर्देश एवं दिव्यांगों का सम्मान कर धर्मदास भिवगड़े की स्मृति में दिव्यांगों को साइकिल और छड़ी वितरित की गई. अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर गणमान्य व्यक्तियों ने दिव्यांगों की वर्तमान स्थिति पर मौलिक मार्गदर्शन दिया. कार्यक्रम का संचालन चेतन मेश्राम ने किया तथा आभार प्रदर्शन नितिन मेश्राम ने व्यक्त किया.

कार्यक्रम के सगलतार्थ आयोजक अश्विन भिवगडे, रोहीत मानवटकर, आनंद चव्हाण, संदीप शेंडे, पुरुषोत्तम रोडेकर, संदीप चिंचोलवार, बलवंत पात्रे, योगेश पात्रे, रंगराव ठाकरे, शुभाष मेश्राम, राजु राऊत, सागर फरकाडे, प्रविण माने, प्रविण शेंडे, नलु गोंडाणे, पुरुषोत्तम रोडेकर, जयेश रामटके, योगेश धावडे आदि ने सहकार्य किए.

# राष्ट्रीय अधिवक्ता दिवस मनाया



**नागपुर.**

अखिल भारतीय संयुक्त अधिवक्ता मंच भारत की ओर से राष्ट्रीय अधिवक्ता दिवस मनाया गया. इस अवसर पर महाराष्ट्र एंड गोवा के पदाधिकारी एडवोकेट अनिल गोवरदीपे, नागपुर हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एड अतुल पांडे , नागपुर जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट रोशन बागडे, सचिव मनीष रणदीवे, नागपुर फैमिली कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट आर एन सेन विशेष रूप से उपस्थित थे.

इस अवसर पर मंच के सभी पदाधिकारी और बार एसोसिएशन के अध्यक्ष व सचिवों ने एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट पूरे देश में लागू करने का समर्थन करते हुए इसे लागू करने की पुरजोर मांग की.

राष्ट्रीय कोर कमेटी सदस्य और नागपुर के अध्यक्ष एडवोकेट छत्रपति शर्मा के नेतृत्व में हुए इस कार्यक्रम में वक्ताओं ने दोहराया कि आज भी अधिवक्ता वर्ग का आर्थिक सामाजिक राजकीय और व्यक्तिगत सुरक्षा का प्रश्न बरकरार है , सर्वोच्च न्यायालय ने भी अधिवक्ताओं को कोर्ट ऑफिसर कहकर संबोधित किया है पिछले कई वर्षों से इस मंच द्वारा सुरक्षा कानून को पूरे देश में लागू करवाने के लिए आंदोलन किया जा रहा है जिसे विभिन्न राज्यों से उचित समर्थन मिल रहा है.

इस अवसर पर मंच के राष्ट्रीय कोर कमेटी सदस्य और महाराष्ट्र सहप्रभारी अधि. छत्रपती एच. शर्मा सह अधि. कांचन वराडे मैडम, अधि. चंद्रशेखर राऊत, अधि. पुष्कर छंगाणी, अधि. गौतमी नारनवरे, अधि. नैना गवई, अधि. अमर प्रताप सिंह, अधि. प्रदीप जयसवाल, अधि. एम. जि. उपासे, अधि. गौतमी नारनवरे, अधि. नैना गवई, अधि. नेहा सोनटक्के, अधि. रंजना आयचित, अधि. अनुराधा गवई, अधि. संगीता जोगी, अधि. शैलजा कुरेशी, अधि. सुशांत पाटील, अधि. यश शुक्ला, अधि. अधि. नवज्योत सोनि, अधि. मृणाल मोरे, अधि. लोकेश पावनकर, अधि. प्रिया ठाकरे, अधि. कुमार पवनिकर, अधि. जि. डि. मानकर, अधि. राजु कडु, अधि. डि. जि. रामटेके आदि कई अधिवक्ता उपस्थित थे।

# अब दक्षिण-पश्चिम, दक्षिण नागपुर में बनेंगे दो फ्लाईओवर

## > 82 करोड़ 31 लाख का खर्च अनुमानित

**नागपुर.**

दक्षिण-पश्चिम व दक्षिण नागपुर की यातायात समस्या को दूर करने के लिए दो नए फ्लाई ओवर बनाए जाएंगे। दोनों प्रोजेक्ट मंजूर होने के बाद टेंडर प्रक्रिया शुरू हो गई है। जनवरी तक टेंडर प्रक्रिया पूर्ण होकर फरवरी तक ठेका एजेंसी तय हो सकती है।

मनीष नगर से रेडिसन ब्लू तक बनने वाले फ्लाईओवर पर 82 करोड़ 31 लाख का खर्च अनुमानित है। इसी तरह मानेवाडा इनर रिंग रोड से म्हालगी नगर को जोड़ने वाले फ्लाई ओवर पर 142 करोड़ 55 लाख रुपए का खर्च अनुमानित है। लोक कर्म विभाग ने इन दोनों प्रोजेक्ट के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी है। चुनावी आचार संहिता



के कारण टेंडर प्रक्रिया ठप पड़ी थी। जनवरी तक टेंडर प्रक्रिया पूर्ण हो सकती है। फरवरी तक ठेका कंपनी तय होने की संभावना है। लोक कर्म विभाग के विश्व बैंक प्रोजेक्ट के माध्यम से यह काम किया जाएगा। लोक कर्म विभाग के सूत्रों ने बताया कि दो फ्लाई ओवर व ड्रेन स्टॉर्म वाटर डिस्पोजल का काम मंजूर हो चुका है। आचार संहिता के कारण टेंडर प्रक्रिया रुकी हुई थी। अब टेंडर प्रक्रिया शुरू हो गई है। जनवरी तक टेंडर प्रक्रिया पूर्ण हो जाएगी।

### ड्रेन के काम को मंजूरी

17 करोड़ 62 लाख की लागत से बॉक्स ड्रेन स्टार्म वाटर डिस्पोजल का काम भी किया जाएगा। राधे मंगलम हॉल स्वावलंबी नगर और प्रताप नगर में इनर रिंग के आस-पास यह काम होगा। इसकी टेंडर प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। एक महीने में टेंडर प्रक्रिया पूर्ण हो सकती है। पीडब्ल्यूडी के विश्व बैंक प्रोजेक्ट से इस पर काम हो रहा है।

# नप पूर्व अध्यक्ष माया चवरे की मां का मरणोपरांत नेत्रदान

**कामठी.**

मां की इच्छा का मान रखते हुए कामठी नगर परिषद पूर्व अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी महिला सभा महाराष्ट्र अध्यक्ष एवं रणाला निवासी बेटी माया चवरे द्वारा अपने मृत मां लीला नामदेव चवरे (85 वर्षीय) के नेत्र दान किया गया.

ज्ञात हो कि राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज, खंजरी वादक सत्यपाल महाराज व गुरुदेव सेवा मंडल के ज्ञानेश्वर रक्षक के विचारों से प्रेरित होकर महात्में नेत्र पेढी से संपर्क कर माया चवरे ने मां के नेत्रदान के लिए सहमति जताई. उनकी बेटी माया चवरे ने बताया कि उनकी मां ने नेत्रदान करने का संकल्प पहले से ले रखा था. नेत्रदान के बारे में पहले से जानकारी होने के कारण उन्होंने नेत्रदान करने के लिए हामी भरी.



वहीं माया चवरे ने कहा कि हमें बेहद खुशी है कि मां के जाने के बाद उनकी आंखें किसी के जीवन की रौशनी बनेगी. महात्में नेत्र पेढी विभाग के डॉक्टरों व मेडिकल कॉलेज के डॉ. मेश्राम ने बताया कि नेत्रदान होने के बाद मृतक के दोनों नेत्र दो जरूरतमंदों को ट्रांसप्लांट हो चुके हैं. उन्होंने कहा कि नेत्रदान तभी संभव हो पता है जब मृतक का परिवार नेत्रदान करने के लिए आगे आए.

उन्होंने कहा कि जागरूकता की कमी के कारण अधिकतर लोग नेत्रदान से पीछे हट जाते हैं. नेत्र दान सर्वश्रेष्ठ दान तो है ही, साथ ही यह मानवता के प्रति हित में उठाया गया महान कदम है. इससे किसी का अँधेरा जीवन उजाले से भर जाएगा. नेत्रदान मरने के बाद भी जिन्दा रहने का अनमोल वरदान हैं. मरने के बाद जो व्यक्ति नेत्रदान करता हैं, सही मायने में उसका जीवन सफल एवं सम्माननीय हैं.

उपरोक्त नेत्रदान किए जाने पर महाराष्ट्र अंधश्रद्धा निर्मूलन समिती, सेवादल शिक्षण संस्था, शासकीय वैद्यकीय महाविद्यालय, नागपुर, रा.तु.म. नागपुर विद्यापीठ, मराठी अभ्यास मंडळ, दि. शेड्युल्ड कास्ट एंड बुद्धिस्ट पेंशनर असोसिएशन नागपुर, गुरुवंदन, ग्राम संरक्षण दल महाराष्ट्र की ओर से माया चवरे का मनःपूर्वक अभिनंदन किया गया.

# आईएसए की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण 7 को

**नागपुर.** इंडियन सोसाइटी ऑफ एनेस्थेसियोलॉजिस्ट (आईएसए) की नई कार्यकारिणी टीम का शपथ ग्रहण समारोह शनिवार, 7 दिसंबर 2024 को सुबह 7 बजे से 9:30 बजे तक जे.आर. शॉ ऑडिटोरियम, आयएमए हाउस, नागपुर में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर वर्ष 2024-25 के लिए नई टीम पदभार ग्रहण करेगी।

डॉ. उमेश रामतानी को अध्यक्ष और डॉ. अंजलि मोडक बोरकर को मानद सचिव चुना गया है। अन्य प्रमुख पदाधिकारियों में अध्यक्ष (2025-26) डॉ. सचिन माकडे, कोषाध्यक्ष डॉ. सोनाली भगत, माजी अध्यक्षा डॉ. गौरी अरोरा और माजी सचिव डॉ. दिलीप वासनिक शामिल हैं। सहसचिव के रूप में डॉ. वृषाली अंकलवार कार्यभार संभालेंगी।

# बेरोजगारों के हाथ अभी भी खाली

## > अडानी पावर प्लांट के अलावा जिले में कोई बड़ा प्रकल्प नहीं

**गोंदिया.**

जिले का दर्जा मिलने के बाद गोंदिया कई विकास कार्य हुए. अभी भी यहां कोई बड़ा उद्योग नहीं आया है. अडानी पावर प्लांट के अलावा जिले में अभी तक कोई बड़ा प्रकल्प शुरू नहीं हुआ है. आज नहीं तो कल जिले के कई बेरोजगार युवा इस उम्मीद में हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं कि जिले में कोई बड़ा उद्योग स्थापित होगा. जिससे आज जिले में बेरोजगारों की एक बड़ी फौज खड़ी हो गई है.

रोजगार के नाम पर जनप्रतिनिधियों द्वारा सिर्फ वादे किए जाते हैं, लेकिन उन्हें पूरा नहीं किया जाता. जिससे युवाओं में रोष व्याप्त है. हालांकि जिले ने विकास का परचम लहराया है, लेकिन यहां के कई युवाओं को रोजगार नहीं मिल पाया है. इसलिए उनके सामने रोजगार की समस्या बनी हुई है. बेरोजगारों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है. अदानी प्रकल्प के अलावा जिले में कोई अन्य बड़ा प्रकल्प नहीं है. इसलिए जिले के शिक्षित बेरोजगार रोजगार की तलाश में दूसरे शहरों का रुख कर रहे हैं. दूसरी ओर जिले में कृषि के अलावा कोई अन्य रोजगार नहीं होने के कारण आम नागरिक रोजगार की तलाश में भटकते रहते हैं. गर्मी व सर्दी में जिले के मजदूर रोजगार के लिए दूसरे शहरों में जाते हैं. 2011 की जनगणना के अनुसार जिले की जनसंख्या 13 लाख 23 हजार 635 है. जिले में परिवारों की संख्या लगभग तीन लाख है. जिले में करीब 85 प्रश. लोग शिक्षित हैं.




### रोजगार गारंटी योजना कई समस्याओं से घिरा

अपने परिवार के बारे में चिंतित होने के कारण, वह जो चाहे करने को तैयार रहता है. वहीं, जिले के कई बेरोजगार युवा गांव नहीं छोड़ते हैं. जिले में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना लागू की गई. इसमें जिला देश में दसवें स्थान पर है. इसलिए केंद्र सरकार द्वारा गोंदिया जिले को सम्मानित किया गया. लेकिन गोंदिया जिला रोजगार गारंटी योजना में कई समस्याओं से घिरा हुआ है. जिले में मुख्यतः धान की खेती की जाती है. जिले का मुख्य व्यवसाय कृषि है. लेकिन, जिले में रोजगार को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है.

# आंगनवाड़ी को स्कूल सामग्री का वितरण



**वर्धा.** क्रेडिट एक्सेस ग्रामीण शाखा के अंतर्गत नाचनगांव के एक सौ चार नंबर आंगनबाड़ी में बच्चों के लिए कुर्सी एवं आंगनवाड़ी में सेविका सहायिका के लिए कुर्सी का वितरण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सुरेखा रोहनकर ने की. तथा मुख्य अतिथि के रूप में शशिकला चोरे, सामाजिक कार्यकर्ता योगेश कांबले, सामाजिक कार्यकर्ता एवं आरती कारंजेकर उपस्थित थीं। आरती कारंजेकर ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि क्रेडिट एक्सेस ग्रामीण शाखा के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों एवं अन्य सामाजिक समूहों के बच्चों के लिए क्रियान्वित की जा रही गतिविधियां वास्तव में बधाई के पात्र हैं। प्रतिभागियों को ऋण आपूर्ति के संबंध में क्रियान्वित की जा रही गतिविधियों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में पुलगांव के शाखा प्रबंधक संजय घोड़खी, कर्मचारी रामेश्वर दरने, प्रवीण मोहरिया, स्मृति जांभुलकर, कीर्ति भगत और गांव की कई महिलाएं शामिल हुईं. इस दौरान बच्चों को खाऊ वितरित किया गया.

# एड. कोठारी और पूर्व विधायक तीमांडे राष्ट्रवादी (शरद पवार) पार्टी से निलंबित

**हिंगनघाट.**



राष्ट्रवादी काँग्रेस (शरदचंद्र पवार गट) पार्टी के अधिकृत उमेदवार अतुल वांदिले के विरोध में बंडखोरी करने से पार्टी ने कठोर कारवाई करते पूर्व विधायक राजू तिमांडे और बाजार समिती सभापती सुधीर कोठारी को निलंबित किया।

ये जानकारी पार्टी के जिल्हाध्यक्ष सुनिल राऊत ने पत्र परिषद में दि। इस पत्रकार परिषद में प्रदेश सरचिटणीस अतुल वांदीले, विनोद वानखेडे और अशोक वांदिले उपस्थित थे। पूर्व विधायक राजू तिमांडे ने पार्टी के दिये अधिकृत उमेदवार के खिलाफ अपनी उमेदवारी दाखल करके, पार्टी निर्देश का उल्लंघन किया। जिस वजह से उन पर उसी वक्त उनका निलंबन किया गया। लेकिन कृ.उ.बा.स सभापती सुधीर कोठारी ने पार्टी के अधिकृत उम्मीदवार का काम न करते हुए तिमांडे के बंडखोरी को समर्थन दिया था। इस वजह से पार्टी ने उन्हें भी निलंबित किया है। इन दोनों का काम पक्षशिस्ती को धोका पहुंचाने वाला है। इसलिए ये कठोर कारवाई किए जाने की बात जिलाध्यक्ष सुनील राऊत ने बताई है।

राष्ट्रवादी काँग्रेस (शरदचंद्र पवार गट) पार्टी के सर्वेसर्वा शरदचंद्र पवार, प्रदेशाध्यक्ष जयंत पाटील आणि प्रदेश सरचिटणीस रवींद्र पवार ने इस निलंबन की घोषणा की है। पार्टी के वचन बद्धते को प्राधान्य देते ऐसी कारवाई भविष्य में भी किए जाने की बात निलंबन पत्र में स्पष्ट की गई।

# एड्स जन जागृति कार्यक्रम का आयोजन

## > रेड रिबन क्लब, प्राणी शास्त्र विभाग और राष्ट्रीय सेवा योजना विभाग का संयुक्त उपक्रम

**हिंगनघाट.**

मातोश्री आशा ताई कुणावार कला वाणिज्य व विज्ञान महिला महाविद्यालय हिंगणघाट में एड्स जन जागृती सप्ताह अंतर्गत रेड रिबन क्लब, प्राणी शास्त्र विभाग व राष्ट्रीय सेवा योजना विभाग के द्वारा एड्स जनजागृती कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ उमेश तुलसकर अध्यक्ष विद्या विकास शिक्षण संस्था हिंगणघाट तो प्रमुख अतिथि डॉ. अजय लिडबे समुपदेशक ग्रामीण उपजिल्हा रुग्णालय हिंगणघाट, डॉ सपना जयस्वाल उपप्राचार्य मातोश्री महिला महाविद्यालय हिंगणघाट, प्रा अभय दांडेकर नोडल ऑफिसर रेड रिबन क्लब, प्रा भाग्यश्री साबले सह कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना विभाग की उपस्थिति थी।

कार्यक्रम की सुरूवात प्रतिमा पूजन करके की गई। इस प्रसंग पर प्रा अभय दांडेकर ने एड्स ग्रस्त व्यक्ती भी समाज एक घटक है। इस लिए गैरसमज से उनसे दुर्व्यवहार नहीं करना चाहिए, ऐसा आवाहन किया। मार्गदर्शक डॉ अजय लिडबे ने एड्स रोग पर सविस्तर जानकारी देकर विद्यार्थियों के शंका का निरासन किया। रेड रिबन क्लब द्वारे आयोजित उपक्रम में शामिल होने का आवाहन किया।

अध्यक्षीय मनोगत में डॉ उमेश तुलसकर ने वर्तमान परिस्थिती में युवक को की अस्वस्थता और पाश्चिमात्य संकल्पना को लेकर अपना रस्ता भूले लोगो ने फिरसे उसी राह पर आना जरूरी है। इसके लिए विद्यार्थियों ने सजग रहकर अपने आरोग्य विषयक समस्या यो को बिना हिचक छुड़ाना चाहिए। और भविष्यकालीन परिणाम से खुद का बचाव करने का प्रतिपादन किया। कार्यक्रम का सूत्रसंचालन प्रा शितल धार्मिक प्राणीशास्त्र विभाग प्रमुख ने किया, आभार डॉ सपना जयसवाल ने माने। कार्यक्रम यशस्वीता के लिए प्रा प्रणिता आष्टणकर, प्रतिभा दुबे, हर्षदा राऊत और प्राध्यापक प्राध्यापिका, शिक्षकेत्तर कर्मचारी वृंद और विद्यार्थिनीं यो ने सहकार्य किया। कार्यक्रम का समारोप राष्ट्रगीत से किया गया।






# विधायक कुणावार मंत्री बनने के लिए की गई मनोकामना



**हिंगनघाट.** हिंगनघाट शहर के कारंजा चौक स्थित हनुमान मंदिर में विधायक समीर कुणावार को राज्य मंत्रिमंडल में मंत्री पद मिले इस लिऐ हनुमान चालीसा पाठ, हवन पूजन एवं गीता वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया था।

विधायक समीर कुणावार ने हिंगनघाट विधानसभा में तीसरी बार हैट्रिक हासिल कर बड़ी जीत हासिल की है। विधायक कुणावार की कार्यशैली से हिंगनघाट विधानसभा में काफी सुधार हुआ है और उनके कार्यों को देखते हुए उन्हें राज्य सरकार में मंत्री पद मिलना चाहिए। इसके लिए भारतीय जनता पार्टी के वर्धा जिला सचिव आशीष पर्वत के नेतृत्व एवं प्रेम बसंतानी की संकल्पना से पूजा अर्चना का आयोजन किया गया था। प्रसंग पर चंदू मावळे, सुभाष कुंटेवार, महामंत्री दिनेश वर्मा, ज्ञानेश्वर भागवते, दीपक धामसे, अनिल गहरवार, किशोर रोंघे, संदीप सुरकर, देवा कुबड़े, भास्कर शेंडे, महिला पदाधिकारी छाया सातपुते, धनश्री मावळे, शीतल तिवारी सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे। इस समारोह में भारतीय जनता पार्टी की ओर से मनोकामना की गई।

# शहर के सौंदर्यीकरण में आई कमी

**वर्धा.**

शहर की सुंदरता में चार चांद लगाने के लिए, शहर को सुंदर दिखाने के लिए, शास्त्री पुतला, पटेल चौक, नेताजी सुभाष चंद्र बोस पुतला विद्युतीकरण, फव्वारा (फव्वारा) के सौंदर्यीकरण के लिए एक साल पहले लाखों रुपये खर्च किए गए थे चौक. इसका उद्घाटन भी भव्यता के साथ संपन्न हुआ. लेकिन उद्घाटन के दो-चार दिन बाद ही फव्वारे और लाइन लगनी शुरू हो गईं। नागरिकों ने भी खुशी जाहिर की. लेकिन नागरिकों की खुशी झूठी निकली. पिछले साल से फव्वारे और लाइट बंद हैं। उपरोक्त तीनों प्रतिमाओं के सौंदर्यीकरण पर वर्धा नगर निगम ने पचास लाख रुपये से अधिक खर्च किये. लाइटें और फव्वारे नोजल, मोटर पंप बहुत महंगे हैं और उनमें से कुछ चोरी हो गए थे। यदि वर्धा नगर निगम के पास फव्वारे और लाइटों को नियमित रूप से चालू और बंद करने की क्षमता नहीं है, तो रुपये क्यों खर्च किये? ऐसा सवाल जनता कर रही है.



इसके अलावा बजाज चौक और शिवाजी पुतला स्थित फव्वारे के कई नोजल खराब हो गए। इसलिए वह पहले जैसा आकर्षक नहीं लगता। कलेक्टर कार्यालय से बस स्टेशन रोड डिवाइडर तक सौंदर्यीकरण के लिए 10 फीट ऊंचे पेड़ और स्टील रेलिंग का कार्य किया गया। महंगे पेड़ लगाए गए, लेकिन पेड़ों को केवल बरसात के मौसम में ही पानी दिया जाता था, इसलिए पेड़ कुछ दिनों तक जीवित रहे। नियमित टैंकरों से पेड़ों को पानी नहीं दिए जाने से आकर्षक पेड़ वहीं सूख रहे हैं। यह जनता के पैसे और टैक्स के पैसे की बर्बादी है. पूर्व नगरसेवक यशवन्त झाडे ने पूछा कि विकास कार्य करते समय मेंटेनेंस प्रशासन इसके मेंटेनेंस पर विचार क्यों नहीं करता।

इस संबंध में पहले भी शिकायत और सुझाव दिए जा चुके हैं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होती और प्रशासन सिर्फ मैन की भूमिका में रहता है। इस संबंध में कलेक्टर वर्धा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, निर्माण अभियंता को ध्यान देकर व्यवस्था करने की मांग यशवन्त झाडे ने की है.



# 10 दिवसीय सरल संस्कृत संभाषण शिविर का आयोजन

**हिंगनघाट.**

दिनांक 3 डिसेंबर ते दिनांक 13 दिसंबर तक संस्कृतभारती, हिंगणघाट द्वारे 10 दिवसीय सरल संस्कृत संभाषण शिबिर का अनंत संघ कार्यालय हिंगणघाट यहां आयोजन किया गया। इस शिविर के उदघाटन पर संस्कृत भारती के अखिल भारतीय संपर्क प्रमुख श्रीशजी देवपुजारी, क्षेत्र संगठन मंत्री संजीव कुमार और विद्या भारती के बलिराम चव्हाण आदी उपस्थित थे। संस्कृत भाषा ये देव भाषा है, संस्कृत ये व्यावहारिक भाषा है।

जिसमे समाज में रुचि बढ़ने का उपाय बताया गया है। संस्कृत भाषा का महत्व बताकर संस्कृत को पढ़ने के लिए शिरीष जी ने उपस्थित को आव्हान किया। और सरल संस्कृत संभाषण शिबिर को शुभेच्छा दिया। 10 दिन चलने वाले शिविर में 40 शिबिरार्थी की उपस्थिति रहेंगी। और जिसमें दत्ताजी भांगे, जितेंद्र चौगुले, अपर्णा धारकर, हेमलता चौधरी, नंदा नांदेडकर, दिनेश पवार, नेहल जोशी आदी मार्गदर्शन करने वाले है।

# ऑपरेशन मुस्कान मुहिम के तहत नाबालिग लड़की को लिया हिरासत में

**वर्धा.**



वादी ने दि. 24/12/2018 को पुलिस स्टेशन दहेगांव में मौखिक रिपोर्ट दी कि उनकी नाबालिग बेटी, उम्र लगभग 15 वर्ष, को दिनांक 23/12/2018 को संदेही कवडू उर्फ प्रदीप गोविंदराव मेंढे नि. कोपरा (चानकी) ने बहला-फुसलाकर भगाया.ऐसे वादी की मौखिक रिपोर्ट से पुलिस थाना दहेगांव (गोसावी) में अप क्र. 117/2018 धारा 363 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर जांच की गई।

उक्त अपराध की अनैतिक मानव तस्करी निवारण सेल, वर्धा एवं स्थानीय अपराध शाखा वर्धा के माध्यम से समानांतर जांच करते हुए अनुराग जैन पुलिस अधीक्षक, वर्धा द्वारा दिये गये विशेष निर्देश एवं निर्देशानुसार पुलिस निरीक्षक, स्थानीय अपराध शाखा एवं अनैतिक मानव तस्करी निवारण प्रकोष्ठ, वर्धा के मार्गदर्शन में टीम का गठन किया गया। उक्त अपराध में मुखबिर लगाकर एवं तकनीकी अनुसंधान कर संदिग्ध आरोपी की पतासाजी की गयी। संदिग्ध आरोपी का नाम कवडू उर्फ प्रदीप गोविंदराव मेंढे निवासी कोपरा (चानकी)ने नाबालिग लड़की को पिपल गढ़ मध्यप्रदेश ले गया और दिनांक 3/12/2024 को आरोपी के अपने घर लौटने की सूचना मिलने पर आरोपी के घर जाकर पीड़िता को हिरासत में लिया गया। कानून के मुताबिक नाबालिग लड़की को दहेगांव पो.स्टे. को दिया गया है. आरोपी फरार है और आगे की जांच दहेगांव पो.स्टे.द्वारा की जा रही है. उक्त कार्यवाही पुलिस अधीक्षक अनुराग जैन (भा.पो.से.), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. सागर रतनकुमार कवड़े के मार्गदर्शन में, पुलिस निरीक्षक विनोद चौधरी, स्थानीय अपराध शाखा और अनैतिक व्यापार निवारण कक्ष, वर्धा, पुलिस उपनिरीक्षक बालाजी लालपालवाले, स्थानीय अपराध शाखा और अनैतिक व्यापार निवारण कक्ष, वर्धा की उपस्थिति में सुभाष राऊत, नितेश मेश्राम, शबाना शेख, नवनाथ मुंडे, अनैतिक मानव तस्करी निवारण प्रकोष्ठ, वर्धा अक्षय राऊत, गोविंद मुंडे साइबर सेल वर्धा ने की है.

# स्थानीय स्कूलों को मिलेंगे संविदा शिक्षक

**गोंदिया.** स्थानीय स्कूलों में 10 या 10 से कम पटसंख्या वाले स्कूलों में डी.एड., बी.एड. बेरोजगार उम्मीदवारों को संविदा के आधार पर नियुक्त किया जाएगा. जिससे जहां इन स्कूलों के बंद होने का संकट टल जाएगा, वहीं छात्रों के दूसरे स्कूलों में समायोजन की समस्या भी दूर हो जाएगी. जिले में 10 या इससे कम पटसंख्या वाले 42 विद्यालयों में संविदा के रूप में डी.एड., बी.एड. बेरोजगारों को प्रशिक्षण के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे. इसके लिए 15 हजार रु. वेतन दिया जाएगा. राज्य में स्थानीय स्वशासन संस्थाओं के 10 या 10 से कम पटसंख्या वाले विद्यालयों में डी.एड., बी.एड. योग्य बेरोजगार उम्मीदवारों को संविदा के आधार पर नियुक्त करने का निर्णय सरकार ने लिया है. वर्ष 2023-24 की सामान्य सहमति के अनुसार 10 या 10 से कम पटसंख्या वाले विद्यालयों में संविदा के आधार पर दो में से एक नियुक्ति की जानी है.

# कुष्ठरोग प्रश्न मंच का आयोजन



**हिंगनघाट.**

दिनांक 3 दिसंबर को सिरकुवरदेवी मोहता विद्यालय, डॉ. हेडगेवार सभागृह, हिंगणघाट में कुष्ठरोग जनजागृति अभियान के तहत प्रश्नमंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सहायक संचालक, आरोग्य सेवा (कुष्ठरोग) वर्धा व उपजिला रुग्णालय, हिंगनघाट के संयुक्त प्रयास से आयोजित हुआ।

डॉ. प्रविणा मिसार (चिकित्सा अधीक्षक, उपजिला रुग्णालय) के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रतियोगिता में हिंगनघाट शहर की 6 स्कूलों के छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम के प्रमुख अतिथि डॉ. स्वप्नील बेले (सहायक संचालक), डॉ. नाईक (तहसील चिकित्सा अधिकारी) और मुख्याध्यापक खडतकर उपस्थित रहे। प्रश्न मंच प्रतियोगिता में विजेता छात्रों को पुरस्कार स्वरूप नकद राशि और प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन प्रशांत जंगठे (चिकित्सा सहायक) ने किया और आभार प्रदर्शन अशोक वावरे (चिकित्सा सहायक) ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मिलींद डोनारकर (आरोग्य निरीक्षक), असलम फारुकी, उमेश मेश्राम, डखाराम मेश्राम, गौलकार, आत्राम, मेघरे और सावरकर का विशेष योगदान रहा। शिक्षकों और कर्मचारियों के सहयोग से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# किसान-बेरोजगार महापंचायत की योजनाओं को लागू किया जाए

## विदर्भ विकास आघाड़ी की जिलाधिकारी से मांग

**हिंगनघाट.**

2 अक्टूबर को विदर्भ विकास आघाडी द्वारा किसान-बेरोजगार महापंचायत का आयोजन किया गया। इस महापंचायत में वर्धा लोकसभा सांसद अमर काले, पदवीधर विधान परिषद सदस्य अभिजीत वंजारी, शिक्षक विधान परिषद सदस्य सुधाकर अडबाले समेत अन्य मान्यवरों की उपस्थिति रही। महापंचायत की अध्यक्षता माननीय राजरत्न आंबेडकर ने की, जिसमें जिले के जागरूक नागरिक, किसान और बेरोजगार युवाओं ने भाग लिया।

महापंचायत में किसानों की आत्महत्या रोकने, सिंचाई के लिए कोरडवाहू खेती को बारहमासी पानी की सुविधा देने, फसल को सी+50 फॉर्मूले के आधार पर न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदने और शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार उपलब्ध कराने जैसे महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।



महापंचायत में यह मुद्दा भी उठाया गया कि सरकार ने बड़े-बड़े अस्पताल तो बनाए हैं, लेकिन उनमें डॉक्टर, नर्स, तकनीकी उपकरण और दवाइयों की उचित व्यवस्था नहीं है। आम जनता को संपूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं देने का ठोस नियोजन जरूरी है।

ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा की बदहाल स्थिति को लेकर भी चिंता व्यक्त की गई। पंचायत समिति, ग्राम पंचायत और जिला परिषद के अंतर्गत आने वाली स्कूलों की इमारतें जर्जर हो चुकी हैं।

इन स्कूलों को बंद करने के बजाय उन्हें आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाना चाहिए ताकि ग्रामीण छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके।

हिंगनघाट और समुद्रपुर क्षेत्र की वेना, पोथरा और यशोदा नदियों का जिक्र करते हुए कहा गया कि इन नदियों का सर्वेक्षण करके किसानों को बारहमासी सिंचाई की सुविधा दी जानी चाहिए। नदियों के किनारों पर "ब्रिज कम बंधारा" बनाए जाने का सुझाव दिया गया। इससे न केवल गांवों के बीच यातायात सुगम होगा, बल्कि पानी संग्रहित होने से जलस्तर भी बढ़ेगा और फसल उत्पादकता में सुधार होगा।

### जिलाधिकारी से योजनाओं को मंजूरी की मांग

विदर्भ विकास अघाड़ी के नेता अनिल जवादे ने इन मुद्दों पर विस्तृत योजना तैयार कर जिला नियोजन समिति से मंजूरी दिलाने की मांग की। इस दौरान उनके साथ गोरख भगत और महेश माकड़े भी उपस्थित थे। उन्होंने जोर देकर कहा कि इन योजनाओं को लागू कर जिले के किसानों और बेरोजगार युवाओं की समस्याओं का समाधान किया जा सकता है।

# सच्चे कर्म के अनुष्ठान की आवश्यकता: अग्निहोत्री

**वर्धा.**

गुरुदेव प्रचारक दिन महोत्सव के अवसर पर श्री. संत लहानुजी महाराज टाकरखेड़ में प्रचारकों का महासम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए श्रीक्षेत्र महाकाली धाम तीर्थ मंदिर संस्थान के अध्यक्ष पंडित शंकर प्रसाद अग्निहोत्री ने कहा कि धर्म प्रचारक को सच्चे धर्म की स्थापना और सच्चे कर्म के अनुष्ठान की आवश्यकता होती है।

साथ ही उस सत्य कार्य का अनुष्ठान कराते हुए उपदेशक के मन में अनेक प्रकार के शोध, आविष्कार तथा नई-नई खोजों का सृजन करना चाहिए और वह केवल समाज के हित के लिए ही उपदेशक न बने।

सामाजिक व्यवस्था में विविध प्रकार के लोगों को किस प्रकार का व्यवसाय करना चाहिए, जैसा कि गुरुदेव ने कहा था कि ग्राम गीताचार्य का अर्थ है कि हमें अपने गाँव की मरम्मत करनी चाहिए, हमें शिक्षा प्राप्त करनी चाहिए, हमें व्यसनों से मुक्त होना चाहिए, हमें वैज्ञानिक भी बनना चाहिए, हमें विज्ञान का उपयोग करना चाहिए और प्रौद्योगिकी और देश को विकास की ओर ले जाएं।



इस अवसर पर डॉ. प्रशांत ठाकरे, डॉ. भास्करराव विघे गुरुजी, इस्तियाक भाई मान, गुरुवर्य वेरुलकर गुरुजी ने प्रचारकों और उनकी कार्य पद्धति विषय पर विचार रखे। सम्मान समारोह का उद्घाटन पंडित शंकर प्रसाद अग्निहोत्री ने विशेष आमंत्रित अतिथियों की उपस्थिति में किया पद्मश्री फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. संजय आदमने एवं साक्षी कथ्थक नृत्य अकादमी चैरिटेबल फाउंडेशन के निदेशक डॉ. किरण खडसे की ओर से सम्मानित व्यक्ति सम्मान समारोह का आयोजन किया गया.

मुख्य रूप से डॉ. माया दिलीपराव यावलकर, श्रीमती विजया चन्द्रशेखर दहेकर, हभप किरण श्रीराम राऊत, डॉ. नंदकिशोर काले, डॉ. पायमल्ले, डॉ. जांभलीकर और गुरुदेव प्रचारक प्रमोद दादा भोंगे, राजुभाऊ डांगे, रामचन्द्रदादा कांडलकर आदि सभी का पं. शंकर प्रसाद अग्निहोत्री ने सत्कार किया।

### ई-नई खोजों का सृजन करना चाहिए

अखिल भारतीय गुरुदेव सेवा मंडल आयोजन समिति की ओर से पंडित शंकर प्रसाद अग्निहोत्री, डॉ. संजय आदमने, डॉ. किरण खडसे, डॉ. प्रशांत ठाकरे को शाल और सम्मान चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन ग्राम गीता आचार्य मनोहर रेचे दादा ने किया। पारिसे दादा ने सभी अतिथियों को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर शर्मा इलेक्ट्रॉनिक्स के निदेशक श्रीराम शर्मा, गांधी सिटी पब्लिक स्कूल के प्रबंधक अभिजीत रघुवंशी और माई भक्त गणेश काले उपस्थित थे।

# किसानों ने प्रशासन से की अनुदान की मांग

सड़क अर्जुनी.

इन दिनों जंगली जानवरों का आतंक है, आए दिन जंगली जानवर खेतों में लगी फसलों को चट करने में लग जाते है. मौसम की मार से जूझ रहे किसानों को अपनी फसलों को बचाने के लिए खासी मशक्कत करनी पड़ रही है. जिले में वनों से सटे खेत परिसर में वन्य प्राणी उत्पात मचाते हुए फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं. आलम यह है की एक तरफ जहां किसान खेतों में अपनी फसलों को वन्य प्राणियों से बचाने के लिए जागते हैं. वहीं वन्य प्राणियों को भगाने के लिए किसान रात के दौरान पहरा देकर फसलों की सुरक्षा कर रहे हैं. फसल तैयार होने के बाद भी किसानों को रात-रात जागकर फसलों की निगरानी करनी पड़ रही है. नहीं तो नजर हटते ही खेतों के आसपास विचरने वाले वन्यजीवों के झुंड खेतों में



घुसकर फसल को नुकसान पहुंचा देते हैं. क्षेत्र में खरीफ मौसम में धान कटाई के साथ विभिन्न फसलों की बुआई की गई हैं वहीं सब्जी-भाजी भी लगाई गई है लेकिन वन्यजीव के उत्पात के चलते किसान त्रस्त हो गए हैं.

**फसलों को हो रहा नुकसान**

अनेक किसानों के खेतों में सब्जी-भाजी आदि की फसल लहलहा रही है. लेकिन जंगली सुअर व हिरण के झुंड आकर इन फसलों को बर्बाद कर देते हैं.

खेती में फसलों को जंगली जानवरों से काफी नुकसान होता है. जिससे किसानों को काफी आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ता है.

> जंगली जानवरों का आतंक, फसलों को बचाने के लिए मशक्कत

**जनप्रतिनिधियों की कोई सार्थक पहल नहीं**

किसानों की खड़ी फसल में जाकर वन्यजीव नुकसान पहुंचाकर फसल को बर्बाद कर देते है. फसल को सुरक्षा के लिए लंबे समय से किसानों द्वारा मांग की जा रही है. ताकि फसलों की सुरक्षा हो सके लेकिन ध्यान नहीं दिया जा रहा है. जंगल से सटे खेतों में फसलों को बचाने के लिए उपाय योजना की जानी चाहिए लेकिन प्रशासन व जनप्रतिनिधि भी इस दिशा में कोई सार्थक पहल नहीं कर रहे है.

किसान फेंसिंग की लागत अधिक होने से वह अपने खेत को पूरी तरह से सुरक्षित नहीं करवा पाते हैं. जिससे शासन से अनुदान की मांग किसानों द्वारा की जा रही है.

## धान खरीदी केंद्रों को राहत

**गोंदिया.** राज्य सरकार द्वारा खरीफ सीजन 2023-2024 के लिए न्यूनतम आधार मूल्य खरीदी के तहत धान खरीदी के लिए कुछ नियम और शर्तें निर्धारित की गई है. केंद्र सरकार ने बुनियादी धान केंद्रों द्वारा खरीदे गए और भंडारण किए गए धान की कमी और तुट को 0.5 प्रतिशत करने के लिए नियम और शर्तें लगाई. इससे धान खरीदी करने वाली संस्थाओं को परेशानी और नुकसान का सामना करना पड़ रहा था. विधानसभा चुनाव से पहले सांसद प्रफुल पटेल ने मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री, खाद्य और नागरिक आपूर्ति मंत्री और संबंधित विभागों के अधिकारियों से पहल की थी, जिसके परिणामस्वरूप राज्य सरकार ने मानदंडों की कमी के अतिरिक्त 1.5 प्रतिशत प्रति क्विंटल तुट का भुगतान करने का निर्णय लिया है. शासन के इस फैसले से इसके लिए 25.40 करोड़ से अधिक की निधि उपलब्ध कराई गई है. प्रफुल पटेल की पहल की सफलता से धान खरीदने वाली संस्थाओं को राहत मिलेगी. केंद्र सरकार ने खरीदी धान की घट (कमी) और तुट को 0.5 प्रतिशत कम कर दिया था जिससे खरीदी करने वाली संस्थाएं संकट में पड़ गई थी.

# स्मार्ट क्लास का लोकार्पण

> विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण के लिए आधुनिक शिक्षा जरूरी: विधायक चौरे

लोधीखेड़ा.



स्थित शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विधायक निधि से प्रदत्त लागत राशि 2 लाख 35 हजार रुपए से नवनिर्मित स्मार्ट क्लास का विधायक विजय चौरे ने रिबन काटकर लोकार्पण किया तत्पश्चात विद्यार्थियों को साइकिल वितरित की।

चौरे ने अपने संबोधन में बतलाया की जब 2018 में पहली बार जनता के आशीर्वाद से विधायक बने तब आधुनिक शिक्षा को लेकर उन्होंने क्षेत्र की कक्षा 9 से 12 वी तक की लगभग 38 शालाओं को स्मार्ट क्लास की सौगातें प्रदान की जिसके चलते उन शालाओं में विद्यार्थियों की दर्ज संख्या में वृद्धि हुई। अब वें उनके दूसरे कार्यकाल में माध्यमिक शालाओं को चिन्हित कर विद्यार्थियों को स्मार्ट क्लास के माध्यम से आधुनिक शिक्षा प्राप्त कराने का कार्य कर रहें है। क्योंकि स्मार्ट क्लास में पढ़कर बच्चे और भी स्मार्ट बनेंगे।

उन्होंने कहा की पहले जब हम क्लासरूम का नाम सुनते थे तब हमें ब्लैकबोर्ड और डस्टर की कल्पना होती थी परंतु वर्तमान में आधुनिक स्मार्ट क्लास की तकनीक ने हमारी कल्पना को बदल दिया है क्योंकि वर्तमान में विश्व पटल पर आधुनिक शिक्षा के स्तर में काफी वृद्धि हुई है इसलिए विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण हेतु आधुनिक शिक्षा जरूरी है। छात्राओं से यह भी कहा कि सरकारी शालाओं ओर प्राइवेट शालाओं में भेद करना बंद करे क्योंकि सरकारी शालाएं भी प्राइवेट शालाओं से पीछे नहीं है यहां भी अच्छे योग्य शिक्षक है।

उन्होंने स्मार्ट क्लास की उपयोगिता बतलाते हुए कहा कि स्मार्ट क्लास छात्राओं को बोरियत से बचाकर उनकी अध्यन में रुचि विकसित करेंगी तथा छात्राओं को स्मार्ट क्लास के ज़रिए ग्राफ,मैप,फ्लोचार्ट एवं अन्य उपयोगी वीडियो के माध्यम से रचनात्मक एवं सृजनात्मक शिक्षा प्रदान की जाएंगी। जिससे उन्हें अपने सपने साकार करने में सहायता प्राप्त होगी।

# श्री राम-जानकी विवाह महोत्सव का श्री पोद्दारेश्वर राम मंदिर में आयोजन

नागपुर.

श्री पोद्दारेश्वर राम मंदिर में इस वर्ष श्री राम-जानकी विवाह महोत्सव का 50वां वर्ष बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा। यह आयोजन 6 दिसंबर को संपन्न होगा। 5 दिसंबर शाम 5 बजे: विवाह एवं मेहंदी का आयोजन, जिसमें महिला संगीत संध्या का भी विशेष आयोजन होगा। 6 दिसंबर, शाम 3 बजे: श्री रेणुका देवी देवस्थान, चितार ओली चौक से पूजन के पश्चात बारात प्रस्थान करेगी। बारात के प्रमुख मार्ग इस प्रकार हैं: सराफा चौक, सिटी पोस्ट ऑफिस, गांधीबाग बगीचा, गांजाखेत, हंसापुरी, गीतांजलि चौक, लोधीपुरा, बजरिया चौक, मारवाड़ी चाल और



संतरा मार्केट। बारात शाम 6 बजे मंदिर पहुंचेगी। द्वारचार और तोरण के बाद, श्री रामचरितमानस में वर्णित अवध की परंपराओं के अनुसार विवाह विधि मंदिर सत्संग भवन में संपन्न होगी। श्री पोद्दारेश्वर राम मंदिर ट्रस्ट के प्रबंधक ट्रस्टी श्री पुनीत रामकृष्ण पोद्दार ने सभी श्रद्धालुओं से इस अनूठे आयोजन का आनंद लेने के लिए पधारने का निवेदन किया है।

## बदरीले मौसम से सब्जी फसल पर हो रहा असर

**गोंदिया.** धान की खेती में जोखिम अधिक है, इसलिए किसान विकल्प के रूप में अन्य फसलों की ओर रुख कर रहे हैं. इसके चलते जिले के किसान अब सब्जी की फसल पर अधिक ध्यान दे रहे हैं और सब्जियों की खेती कर रहे है.


हर दो दिन बाद बदरीला मौसम छाये रहने और यह इस दौरान बेमौसम बारिश हुई तो सब्जियों की फसल पर असर पड़ सकता है. जिससे किसानों में चिंता का माहौल है.

सरकार द्वारा किसानों को सक्षम व समृद्ध बनाने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं. जिले में धान उत्पादक किसानों की जेब भरने के लिए कृषि विभाग द्वारा नये-नये प्रयोग किये जा रहे हैं.

# इंटर कॉलेज फुटबॉल 24-25 में आईडीसीपीई कॉलेज बना चैंपियन

कामठी.

इंटर कॉलेज फुटबॉल (पुरुष) टूर्नामेंट 2024-25 आरटीएमएनयू खेल और शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित और सेठ केसरीमल पोरवाल कॉलेज कामठी के शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा 1 दिसंबर से 4 दिसंबर 2024 तक आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट में आईडीसीपीई, नागपुर ने फाइनल में एस.एस. मनियार कॉलेज को टाई ब्रेकर में (4-2) से हराकर चैंपियन बना. पूरे समय में स्कोर 0-0 था. आईडीसीपीई कॉलेज के गोलकीपर टोप्पो ने पूरे मैच में अच्छा खेला और उन्होंने टाई ब्रेकर में 2 महत्वपूर्ण शॉट बचाए और कई वर्षों के बाद आईडीसीपीई को विजेता



बनाया. टाई ब्रेकर में आईडीसीपीई कॉलेज के गोल स्कोरर रहे - इस्तेकर ज.नं 13, धीरज ज.नं 8, ऋषभ ज. नं. 2, प्रियांश ज.नं., एस.एस. मनियार कॉलेज के स्कोरर मोइज़. ज.नं 10, जिदान ज.नं 19, रुशान ज.नं 11, टाई ब्रेकर में ममीर और कैफ का शॉट चूक गया. सेमीफाइनल में आईडीसीपीई कॉलेज ने टीजीपीसीईटी कॉलेज को (1-0) से हराया. दूसरे सेमीफाइनल में एस.एस. मनियार कॉलेज ने आरसीओईएम को (1-0) से हराया. सेठ केसरीमल पोरवाल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. विनय चव्हाण मुख्य अतिथि थे, उनके साथ प्रिंसिपल आईडीसीपीई कॉलेज नागपुर के प्रिंसिपल डॉ. शारदा नायडू, प्रोफेसर डॉ. प्रशांत बाम्बल, डॉ. सुदीप मंडल, शैलेश रामटेके, महेश इरपाते आदि गणमान्य प्रमुखता से उपस्थित थे.

इस टूर्नामेंट में शिक्षक प्रभारी के रूप में डॉ इंद्रजीत बसु थे. वहीं टूर्नामेंट के अधिकारी रूप में इब्राहिम खान, फहीम अख्तर, मोहम्मद उमर, अमीर हमजा रहे. ज्ञात हो कि तीसरे और चौथे स्थान के मैच में आरसीओईएम ने टीजीपीसीईटी को (3-0) से हराया.

# शालेय स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन

सौंसर.



जिला आयुष अधिकारी के निर्देशानुसार आयुष्मान आरोग्य मंदिर रिधोरा और आयुष्मान आरोग्य मंदिर जामसावली द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिपलानारायणवार में शालेय स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमे डॉ सोना नाग शिववेदी होम्योपैथी चिकित्सा अधिकारी एवं डॉ पटेल सामुदायिक आयुष चिकित्सा अधिकारी द्वारा बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया किशोरी बालिकाओं एवं बालक का स्वास्थ्य परीक्षण कर होम्योपैथी दवा वितरण किया गया साथ ही पोषण संबंधी जानकारी दी गई।एनीमिया की रोकथाम हेतु आवश्यक आहार के बारे में बताया गया. परीक्षा के समय तनाव मुक्त रहने के लिए योग प्राणायाम के बारे में बताया गया साथ ही योग प्रशिक्षक द्वारा योग करवाया गया एवं योग के महत्व के बारे में बताया गया।विद्यालय के प्राचार्य गणेश परतेती एवं विद्यालय के समस्त स्टॉफ एवं औषधालय स्टाफ छाया मरकाम प्रभात वासनिक,अशोक लवाले, वनीता शेंडे योग प्रशिक्षक एवं सहायक का सहयोग प्राप्त हुआ।

# विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता रैली निकाली

भंडारा.

विश्व एड्स दिवस के अवसर पर महाराष्ट्र राज्य एड्स नियंत्रण संगठन, मुंबई के दिशा-निर्देशानुसार जिले में 1 से 15 दिसंबर तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे. 2 दिसंबर को जिला अस्पताल भंडारा द्वारा एक रैली का आयोजन किया गया. जिला सर्जन डॉ. दीपचंद सोयम एवं सचिव जिला



विधिक सेवा प्राधिकरण बीजू गवारे एवं अतिरिक्त जिला सर्जन एवं नोडल अधिकारी डॉ. अतुल कुमार टेंभुर्णे ने हरी झंडी दिखाकर रैली की शुरुआत की. इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव बीजू गवारे ने कहा कि इस दिन को एक दिन तक सीमित न रखते हुए आम जनता में एड्स के प्रति जागरूकता पैदा करना जरूरी है. जिला शल्य चिकित्सक डॉ. दीपचंद सोयम ने भी अपने विचार व्यक्त किये. जिला एड्स रोकथाम एवं नियंत्रण दल के जिला कार्यक्रम प्रबंधक मनोज येराणे ने कार्यक्रम का परिचय दिया। इस रैली में विभिन्न महाविद्यालयों से बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया.

## तेंदुए के हमले से 3 साल का बच्चा घायल

**गोंदिया.** अर्जुनी मोरगांव तहसील के गोठनगांव में रविवार की शाम 7 बजे घर की छप्पर में खेल रहे तीन साल के बच्चे पर तेंदुए ने हमला कर दिया. तेंदुआ बच्चे को 50 मीटर तक घसिटते हुए लेकर गया. ग्रामीणों द्वारा शोर किए जाने से तेंदुआ जंगल की ओर भाग गया. जिससे बच्चे की जान बच गई. जानकारी के अनुसार गोठनगांव के वार्ड क्र. 3 निवासी दयाराम साखरे का भतीजा मृदुल नंदेश्वर (03) अपने माता- पिता के साथ मंडई के अवसर पर आया था. रविवार शाम करीब सात बजे मृदुल अपने चाचा के घर के छपरी में खेल रहा था. परिवार के लोग अपने काम में व्यस्त थे. इसी बीच तेंदुआ साखरे के घर की छप्पर में खेल रहे मृदुल के गर्दन को पकड़कर खींचकर ले गया.

# समाजसेवक मानबिंदू दहिवले का कुएं में गिरकर निधन

लाखांदूर.



ग़रीबों की हमेशा मदद करने वाले सच्चे समाज सेवक मानबिंदू विश्वनाथ दहिवले (उम्र 49 वर्ष) का कुएं में गिरने से दुःखद निधन हो गया। यह घटना मंगलवार 3 दिसम्बर को सुबह 7 बजे के आसपास सामने आई। लाखांदूर के मूल निवासी पारडी गांव के रहने वाले मानबिंदू दहिवले कई सालों से लाखांदूर में व्यवसाय के सिलसिले में अपने परिवार के साथ रह रहे थे और जनरल स्टोर चला रहे थे। लाखांदूर के वार्ड क्र. 7 में मानबिंदू दहिवले ने एक घर का निर्माण कार्य शुरू किया था। इसी निर्माण स्थल पर वे रात के करीब 3 बजे पहुंचे, जहां पास के एक निवासी पुष्पा ढवले के कुएं में गिरकर उनकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मंगलवार सुबह 7 बजे मिली और इलाके में हड़कंप मच गया। लाखांदूर पुलिस को घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मृत शरीर को कुएं से बाहर निकालकर पंचनामा किया। एक सौम्य स्वभाव वाले सामाजिक कार्यकर्ता का इस तरह का दुःखद निधन होने की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में लोग वहां एकत्रित हो गए।

# दो अधिकृत राशन दुकानों पर वितरण अधिकारी की कार्यवाही

> 2 स्वस्त राशन दुकानें अनियमितता के कारण निरस्त कर दिये गए

भंडारा.

राशन कार्ड धारकों को राशन कार्ड पर अनुमन्य अनाज का वितरण न होना, राशन कार्ड धारकों को दिया जाने वाला खाद्यान्न न मिलना, दुकान का पूरा न खुलना जैसी अनियमितताओं के कारण- समय-समय पर दुकान का रिकॉर्ड अपडेट नहीं करने, दुकान में अनाज के स्टॉक में गड़बड़ी, दो अधिकृत सस्ते गल्ले की दुकान में गड़बड़ी पाये जाने पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी नरेश वंजारी ने दुकान को रद्द करने की कार्रवाई की.

आपूर्ति विभाग द्वारा जारी एक प्रेस नोट के अनुसार, भंडारा जिले के अंतर्गत भंडारा तालुका के मौजा गराडा की मंजूषा मनोज जगनाडे और मौजा-नरकेशरी वार्ड, भंडारा की श्वेता सेलोकर के नाम पर अधिकृत सस्ते अनाज की दुकानें रद्द कर दी गई है.

इन दोनों दुकानों के साथ-साथ जिला आपूर्ति विभाग, भंडारा के माध्यम से भंडारा जिले के सभी राशन कार्ड धारकों से अपील की जाती है कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 के तहत शामिल लाभार्थियों को प्रति व्यक्ति 5 किलोग्राम खाद्यान्न दिया जाए। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 और अंत्योदय खाद्य योजना के राशन कार्ड धारकों को प्रति व्यक्ति 35 किलोग्राम खाद्यान्न की अनुमति है. जो दुकानदार उपरोक्तानुसार सरकार द्वारा निर्धारित मात्रा के अनुसार अनाज की आपूर्ति नहीं कर रहे हैं या कोई अन्य अनियमितता कर रहे हैं, उनकी सूचना जिला आपूर्ति अधिकारी, भंडारा के कार्यालय को दी जानी चाहिए. या ऑनलाइन www.mahafood.gov.in/pggrams या हेल्पलाइन नंबर 1967/1800224950 पर, जिला आपूर्ति अधिकारी नरेश वंजारी ने बताया।

# परख राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण

**सौंसर.** विकासखण्ड में चयनित शासकीय/अर्द्ध शासकीय/ अशासकीय कुल 22 शालाओं में परख राष्ट्रिय उपलब्धि सर्वेक्षण कार्य किया गया। जिसमें कक्षा 3 री , 6 वी तथा 9 वी कक्षा के छात्र / छात्रा कुल 490 सम्मिलित हुए। विकासखंड नोडल अधिकारी भास्कर गावंडे विकास खंड शिक्षा अधिकारी एवं चेनसा यादव विकासखंड स्त्रोत समन्वयक इनके द्वारा सभी शालाओं का निरीक्षण किया गया।

## जिले में पर्यटन के प्रति सरकार की उपेक्षा

**गोंदिया.** राज्य के अंतिम छोर पर स्थित गोंदिया जिले को तालाबों का जिला कहा जाता है. यदि इन तालाबों को पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जाए तो बड़ी मात्रा में रोजगार के अवसर प्राप्त हो सकते हैं. यहां कई तीर्थ स्थलों के साथ-साथ राष्ट्रीय उद्यान और बाघ अभयारण्य भी है. लेकिन अभी भी पर्यटकों की संख्या अपेक्षित सीमा तक नहीं आ रही है, इसलिए जिले में पर्यटन को पुनर्जीवित करना आवश्यक हो गया है. गोंदिया जिले में विभिन्न योजनाओं के माध्यम से पर्यटन स्थलों का विकास किया जा रहा है. जिले की सीमा मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ राज्य से लगती है. इसके अलावा जिले में पूर्व में सारस पर्यटन महोत्सव भी मनाया जा चुका है. हालांकि कई क्षेत्र पर्यटन के लिए अच्छे हैं, लेकिन आवश्यक सुविधाओं के अभाव के कारण पर्यटक इन क्षेत्रों से मुंह मोड़ लेते हैं. वन्य जीव व वन संसाधनों से समृद्ध गोंदिया जिला वन्य जीव और वन संसाधनों से समृद्ध है.

| शुभांक | | |
|---|---|---|
| श्रीदेवी | 688-2 | 289-9 |
| श्रीदेवी नाईट | 380-1 | 240-6 |
| प्रभात | 110-2 | 237-2 |
| प्रभात नाईट | 368-7 | 100-1 |
| डायमंड | 269-7 | 568-9 |
| मेन बाजार | 138-2 | - |
| मिलन डे | 146-1 | 579-1 |
| मेन रतन | 330-6 | 246-2 |
| कल्याण | 138-2 | 380-1 |
| राजधानी डे | 789-4 | 356-4 |
| राजधानी नाईट | 560-1 | - |
| कुबेर डे | - | - |
| डायमंड नाईट | 367-6 | 128-1 |

# सिम्बायोसिस सेंटर फॉर स्किल डेवलपमेंट ने लॉन्च किया नया डिप्लोमा कोर्स

> डिप्लोमा इन डिसीजन मैनेजमेंट > युवाओं को शानदार मौका

नागपुर.

नागपुर स्थित सिम्बायोसिस सेंटर फॉर स्किल डेवलपमेंट (एससीएसडी) ने एक नया कोर्स "डिप्लोमा इन डिसीजन मैनेजमेंट (डेटा एनालिटिक्स)" लॉन्च किया है। यह 10 महीने का हाइब्रिड प्रोग्राम (ऑनलाइन और ऑफलाइन) नौकरी चाहने वालों, करियर ब्रेक के बाद वापसी करने वालों और अपने करियर में बदलाव की योजना बनाने वाले पेशेवरों के लिए तैयार किया गया है।

प्लेसमेंट के अवसर: बेरोजगार ग्रेजुएट्स और अनुभवी पेशेवरों के लिए। महिलाओं को करियर में वापसी का अवसर: ब्रेक के बाद कार्यबल में दोबारा आत्मविश्वास से कदम रखने की सहायता। वित्त और एचआर एनालिटिक्स में विशेषज्ञता: बढ़ती मांग वाले क्षेत्रों में करियर बनाने का मौका। कैपस्टोन प्रोजेक्ट: वास्तविक दुनिया के अनुप्रयोगों पर आधारित प्रोजेक्ट के माध्यम से व्यावहारिक ज्ञान। सिम्बायोसिस पूर्व छात्र स्थिति: एक प्रतिष्ठित बैज जो आपके करियर को नई ऊंचाई पर ले जाएगा।



**यह कोर्स क्यों करें ? :** 18+ वर्षों के अनुभवी फैकल्टी और इंडस्ट्री की गहरी समझ के साथ, यह डिप्लोमा प्रोग्राम आपके कौशल को निखारने और रोजगार की संभावनाओं को बढ़ाने में मदद करेगा। यह कोर्स उन लोगों के लिए एक बेहतरीन विकल्प है जो डेटा एनालिटिक्स में करियर बनाना चाहते हैं या अपने मौजूदा करियर में बदलाव करना चाहते हैं।

**पंजीकरण की अंतिम तिथि: 15 दिसंबर, 2024, अधिक जानकारी के लिए: वेबसाइट: www.scsd.edu.in, फोन: 8087692607**

## तहसील के चुलबंद नदी बांध पर रेलिंग नहीं

**गोंदिया.** सड़क अर्जुनी तहसील में राका-पलसगांव के पास चुलबंद नदी पर बांध का निर्माण हुए 24 साल हो गए हैं. लेकिन इस बांध पर बने पुल पर कोई सुरक्षा रेलिंग नहीं है. यह पुल यात्रियों के लिए मौत का रास्ता बनता जा रहा है. भविष्य में इस स्थान पर बड़ा हादसा होने और जनहानि की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता. 2019 में अतिवृष्टि और तूफानी बारिश के कारण सड़क अर्जुनी तहसील में मुख्य जिला सड़क क्र. 34 लोक निर्माण विभाग के उप अभियंता सड़क अर्जुनी के अधीन है. ऊंचाई कम होने के कारण बरसात के दिनों में इस पुल पर तीन से चार फीट पानी जमा हो जाता है. यह सड़क एकतरफा यातायात है. ऐसे में अगर कभी कोई चौपहिया वाहन आ जाए तो वहां से गुजरने वाले मोटरसाइकिल चालकों के दुर्घटनाग्रस्त होने का खतरा बना रहता है.

# दिग्रस में आज भव्य निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

> पूर्व पालिका उपाध्यक्ष अजिंक्य मात्रे के जन्मदिन पर सामाजिक पहल

दिग्रस.



दिग्रस नगर पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष अजिंक्य मात्रे के जन्मदिन के मौके पर 5 दिसंबर को भव्य निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया है. गजानन टॉकीज के सामने स्थित धन्वंतरी हॉस्पिटल में सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक उपरोक्त भव्य स्वास्थ्य शिविर संपन्न होगा. इस शिवर मे नेत्ररोग विशेषज्ञ डॉ अभय पाटील, बालरोग विशेषज्ञ डॉ अर्जुन जाधव, किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ वेदांत लार्डे, होम्योपैथिक विशेषज्ञ डॉ अभय गोविंदवार, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ सजल चिद्धारवार, मनोचिकित्सक डॉ रूपेश बनसोड, न्यूरोलॉजी विशेषज्ञ डॉ दीपाली एस चिद्धारवार, अस्थिरोग विशेषज्ञ डॉक्टर अभिराज मात्रे, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ सचिन अग्रवाल स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉ राधिका पाटील अपनी सेवा प्रदान करेंगे.

आम्ही दिग्रसकर संगठन तथा कमान गेट मित्र मंडल सहित अजिंक्य भाऊ मात्रे मित्र परिवार ने मरीजों से सुबह 9 बजे स्वास्थ्य जांच शिवीर के स्थान पर पहुंचकर अपना पंजीकरण करने और बड़ी संख्या में आयोजित शिविर का लाभ उठाने का आवाहन किया है.